राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 176

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

गुरुवार 22 मई 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे बनेगी 100 मीटर चौड़ी ग्रीनबेल्ट

पेज 4 यूपी के 12 शहरों में आंधी-बारिश, ओले गिरे

पेज 6 शतक लगाने के बाद 4 दिन मोबाइल बंद रखा, देखा तो 500

## संक्षिप्त खबरें

### सोना 1,645 बढ़कर 95,452 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 21 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,645 बढ़कर 95,452 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,807 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 1,775 बढ़कर 97,475 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,800 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### पंजाब में ऑनलाइन जुए की लत में बहन की हत्या

**अमृतसर।** अमृतसर में ऑनलाइन गेमिंग और जुए की लत के चलते भाई ने बहन की हत्या कर दी। घटना मोहकमपुरा राजेश नगर की है। रात के समय युवती पढ़ाई कर रही थी। उसने भाई को चोरी करते पकड़ लिया। जिसके बाद उसने बहन की चाकू से हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी संजीव उर्फ संजू और मृतका निशा दोनों 22 वर्षीय बीसीए के छात्र थे। दोनों 22 तारीख की फाइनल परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। रात करीब 12: 30 बजे निशा की मां ने उसे सोने के लिए कहा। निशा ने पढ़ाई पूरी करने के बाद सोने की बात कही। कुछ देर बाद कमरे से आवाज सुनकर परिवार वहां पहुंचा। निशा की मौत हो चुकी थी और संजू के हाथ खून से सने हुए थे।



### हैप्पी मॉर्निंग


एक सहेली ने दूसरी सहेली से कहा - मेरे पति मुझे बहुत प्यार करते हैं,
कहते हैं कि तुम ही सात जन्मों तक मेरी पत्नी रहो।
दूसरी सहेली बोली- ये मर्द ऐसे ही होते हैं, सातवें जन्म से आगे के लिए किसी और को बोल रखा होगा...!



### शायरी

एक आँसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है
तुम ने देखा नहीं आँखों का समुंदर होना

### अर्थसार



संसेक्स:
81,596.63
+410.20 (0.51%)
निफ्टी:
24,813.45
+129.55

### मौसम



अधिकतम : 38 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 46
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 03

# आंधी-बारिश का कहर

## राजस्थान में हीटवेव का रेड अलर्ट; बीते दिन दिल्ली में बारिश से 2 की मौत

**राजस्थान में आज और कल गर्मी बढ़ सकती है।**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने आज राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है।

हालांकि, इन राज्यों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है। राजस्थान में हीटवेव का रेड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों में ऑरेंज और उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, केरल में यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के तटीय इलाकों में 55 kmph की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। मछुआरों को 21 से 26 मई के दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

वहीं, राजस्थान में आज और कल गर्मी बढ़ सकती है। 23 मई तक बीकानेर और शेखावाटी इलाके र में अधिकतम तापमान 48 डिग्री तक रह सकता है। कुछ इलाकों में गरज के साथ धूल भरी आंधी भी आ सकती है।





दिल्ली-एनसीआर में बुधवार शाम अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ बारिश हो हुई। इस दौरान करीब 80 की रफ्तार से हवा चली।

कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। इसके चलते दो लोगों की मौत भी हुई है।

तापमान में 14 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। दिल्ली एयरपोर्ट पर कई डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स रोक दी गईं या उनका रूट बदल दिया गया।

दिल्ली से श्रीनगर जा रही एक फ्लाइट की श्रीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि, राहुल-मोदी-खड़गे ने श्रद्धांजलि दी

**राहुल ने बचपन की फोटो शेयर की, कहा- आपकी यादें मेरा मार्गदर्शन करती हैं**

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज 34वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राहुल गांधी ने एक्स पर पापा राजीव गांधी के साथ बचपन की फोटो शेयर की। लिखा- पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा।

पीएम मोदी ने कहा- मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा- राजीव गांधी जी भारत के एक महान सपूत थे, जिन्होंने करोड़ों भारतीयों में नई उम्मीद जगाई।

**श्रद्धांजलि**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर नई दिल्ली में वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# इंडिगो फ्लाइट में टर्बुलेंस, अगला हिस्सा टूटा, इमरजेंसी लैंडिंग की

## पैसेंजर्स चीखने लगे, टीएमसी सांसद बोलीं- मौत को करीब से देखा; श्रीनगर में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 2142 बुधवार शाम खराब मौसम के कारण टर्बुलेंस में फंस गई। फ्लाइट में तेज झटके लगने शुरू हुए, जिससे यात्रियों में डर पैदा हो गया। लोग चीखने लगे। पायलट ने श्रीनगर के एयर ट्रैफिक कंट्रोल में जानकारी देकर इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

लैंडिंग के बाद देखा गया कि फ्लाइट की नोज कोन (आगे का हिस्सा) टूट गया है। फ्लाइट में 227 यात्री और क्रू मेंबर्स थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। सोशल मीडिया पर टर्बुलेंस के दौरान फ्लाइट के भीतर के कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें लोग अपनी जान के लिए प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। बच्चों के रोने की आवाजें भी आ रही हैं।



यात्रियों में तृणमूल कांग्रेस के 5 नेताओं का डेलिगेशन भी सफर कर रहा था। इनमें शामिल टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने बताया, मुझे लग रहा था कि मौत करीब है। जिंदगी खत्म हो गई है। लोग चीख रहे थे, प्रार्थना कर रहे थे। उस पायलट को सलाम जिसने हम सबकी जान बचाई।

इंडिगो ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया, फ्लाइट 6ई 2142 को रास्ते में अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा था। फ्लाइट और केबिन क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन किया और फ्लाइट की श्रीनगर में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट टीम ने यात्रियों की भलाई और आराम को प्राथमिकता देते हुए उनकी देखभाल की।

# भाजपा आईटी सेल प्रमुख और अर्नब गोस्वामी पर एफआईआर

## झूठी जानकारी फैलाने का आरोप, तुर्किये के इस्तांबुल कांग्रेस सेंटर को कांग्रेस ऑफिस बताया था



**बेंगलुरु।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी के जर्नलिस्ट अर्नब गोस्वामी के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर की है। दोनों पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप है।

अमित मालवीय ने 17 मई को एक्स पर अर्नब गोस्वामी एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो बता रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी का तुर्किये में रजिस्टर्ड ऑफिस है। मालवीय ने लिखा- राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह हैरान और समझ से बाहर का मामला है। देश को इसका सच जानने का हक है।

इसी वीडियो को लेकर शिकायत में कहा गया है कि ऐसा सोची-समझी रणनीति के तहत देश की जनता को गुमराह और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिए किया गया है। यह लोगों की भावनाओं को भड़काने, देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है।

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव के बीच तर्किये ने पाकिस्तान को खुलकर समर्थन दिया था। साथ ही भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में तुर्किये को बॉयकॉट किया गया।

**बीएनएस की धारा 192 और 352 के तहत बेंगलुरु में केस दर्ज**

भारतीय युवा कांग्रेस के लीगल सेल प्रमुख प्रमुख श्रीकांत स्वरूप बी एन की शिकायत पर हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन बेंगलुरु में केस दर्ज किया गया है। बीएनएस की धारा 192 (जानबूझकर दंगा भड़काने की मंशा से भड़काऊ जानकारी देना) और धारा 352 (जानबूझकर अपमान करके शांति भंग करना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सीबीआई और अन्य एजेंसियों से अपील की गई है कि इसे आपात स्थिति की तरह गंभीरता से लिया जाए।

# छत्तीसगढ़ : अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का हुआ एनकाउंटर, बसवा राजू ढेर

## 1.5 करोड़ का इनामी था, 20 शव और हथियार बरामद

**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। 20 के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी एनकाउंटर की जानकारी दी है। उनके मुताबिक फायरिंग में 1 जवान घायल हुआ है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं।



# ईडी बोली- सोनिया-राहुल के खिलाफ केस बनता है

## अपराध की आय से 142 करोड़ कमाए; नेशनल हेराल्ड केस की अगली सुनवाई जुलाई में

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपए कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय ने



नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

# कोविड-19 : गुजरात में कोरोना के 7 नए केस सामने आए

## देश में एक्टिव केसों की संख्या 257 पहुंची, केरल में सबसे ज्यादा 95 पॉजिटिव मामले

**दिल्ली/अहमदाबाद।** कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर से बढ़ रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में 7 नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं। इनमें 2 साल की बच्ची और 72 साल के एक बुजुर्ग भी शामिल हैं, फिलहाल इन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है।

देश में कोरोना एक्टिव केसों की कुल संख्या 257 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 95 पॉजिटिव केस हैं। वहीं तमिलनाडु में 66, महाराष्ट्र में 56



और कर्नाटक में 13 एक्टिव मामले हैं। मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी।

### एशिया में तेजी से फैल रहा कोरोना का नया वेरिएंट, सिंगापुर में 14,000 केस

एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है।

# भारत ने पाक अफसर को कहा-24 घंटे में देश छोड़ें

## सरकार बोली- पद के अनुरूप काम नहीं कर रहे थे

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** भारत ने बुधवार शाम को पाकिस्तान हाई कमीशन के एक और अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। भारत की तरफ से 8 दिन में दूसरी बार ऐसी कार्रवाई की गई। इससे पहले 13 मई को एक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर भारत से जाने को कहा था।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह अफसर अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, निष्कासित अफसर पर भारत के खिलाफ जासूसी जैसे गंभीर आरोप हैं। पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी




राजनयिक को अवांछनीय घोषित करने की वह स्थिति होती है, जिसमें उसे देश से तुरंत चले जाने को कहा जाता है। यह कूटनीतिक स्तर पर बेहद सख्त और गंभीर प्रतिक्रिया मानी जाती है।

**वक्फ कानून**

## केंद्र ने दलील दी- वक्फ सिर्फ चैरिटी है, यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं

# वक्फ कानून, सुप्रीम कोर्ट में आज लगातार तीसरे दिन सुनवाई

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई होगी। 21 मई (बुधवार) की सुनवाई में केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो वक्फ बाय यूजर के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं



खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है।

### सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया

वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं।

### सिर्फ 5 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही

वक्फ कानून के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं।

नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।

### सॉलिसिटर जनरल की दलील- हमने बिना सोचे-समझे बिल नहीं बनाया

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं।

उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति की 96 बैठकें हुईं और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया।

# संपादकीय

## मनरेगा में भ्रष्टाचार : एक गंभीर चुनौती



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और गरीबी को कम करना है। यह योजना ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान करने की गारंटी देती है। इसके तहत ग्रामीण बुनियादी ढांचे जैसे सड़क, तालाब, और नहरों का निर्माण होता है। लेकिन इस योजना को भ्रष्टाचार ने अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके कारण इसके लाभ जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### मनरेगा में भ्रष्टाचार के कई रूप देखने को मिलते हैं। इनमें प्रमुख हैं :

**फर्जी जॉब कार्ड :** कई स्थानों पर फर्जी जॉब कार्ड बनाकर गैर-मौजूद मजदूरों के नाम पर भुगतान किया जाता है। यह धन अधिकारियों और स्थानीय नेताओं की जेब में चला जाता है। उदाहरण के लिए, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) में 24 आवेदकों के नाम पर पशु शेड निर्माण दिखाकर लाखों रुपये का गबन किया गया।

**मशीनों का उपयोग :** मनरेगा के तहत मानव श्रम को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन कई जगहों पर मशीनों का उपयोग करके मजदूरों के नाम पर भुगतान हड़प लिया जाता है। यह श्रमिकों के रोजगार के अवसरों को छीनता है।

**फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाला :** हाल ही में मुजफ्फरपुर (बिहार) में एक ही फोटो को बार-बार अपलोड करके लाखों रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया। एलएमएमएस ऐप, जो पारदर्शिता के लिए बनाया गया था, अब भ्रष्टाचार का जरिया बन गया है।

**बजट का दुरुपयोग :** मनरेगा के लिए आवंटित धनराशि का गबन आम है। नूंह (हरियाणा) में निजी जोहड़ को सामुदायिक दिखाकर 9 लाख रुपये का गबन किया गया।

### भ्रष्टाचार के कारण

मनरेगा में भ्रष्टाचार के कई कारण हैं। कमजोर निगरानी और जवाबदेही की कमी इसका प्रमुख कारण है। स्थानीय स्तर पर पंचायतों और अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जीवाड़ा आसान हो जाता है। इसके अलावा, जॉब कार्ड धारकों को योजना की जानकारी न होना और नौकरशाही की जटिल प्रक्रियाएं भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं। कम वेतन और प्रोत्साहन की कमी से अधिकारी रिश्वतखोरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### प्रभाव

भ्रष्टाचार के कारण मनरेगा का लाभ जरूरतमंद मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता। गरीब परिवारों को रोजगार की गारंटी के बजाय निराशा मिलती है। यह योजना ग्रामीण विकास के बजाय भ्रष्टाचारियों के लिए आय का स्रोत बन गई है। इससे सामाजिक असमानता बढ़ती है और गरीबों का शोषण होता है।

### भ्रष्टाचार को रोकने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं

**पारदर्शिता बढ़ाना :** एनएमएमएस ऐप और सोशल ऑडिट को और प्रभावी करना चाहिए। मास्टर रोल को सार्वजनिक करना और स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है।

**कड़ी निगरानी :** निगरानी टीमें नियमित रूप से जांच करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

**जागरूकता :** मजदूरों को उनके अधिकारों और जॉब कार्ड की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना चाहिए।

**तकनीक का उपयोग :** आधार-आधारित भुगतान प्रणाली को और मजबूत करना चाहिए ताकि भुगतान सीधे मजदूरों के खाते में जाए।

### निष्कर्ष

मनरेगा ग्रामीण भारत के लिए एक क्रांतिकारी योजना है, लेकिन भ्रष्टाचार ने इसके प्रभाव को कम कर दिया है। यदि सरकार और समाज मिलकर इस समस्या का समाधान करें, तो यह योजना गरीबों के लिए वास्तव में सशक्तिकरण का साधन बन सकती है। पारदर्शिता, जवाबदेही, और समुदाय की भागीदारी से मनरेगा को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सकता है, जिससे ग्रामीण भारत का समग्र विकास संभव हो सके।

## कोरोना की दस्तक पर सजगता जरूरी

देश-दुनिया पर कोरोना का संकट एक बार फिर मंडरा रहा है। वैसे देश में प्रभावितों की संख्या मामूली है। 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। अभी बीते सप्ताह के ताजे आंकड़ों के अनुसार संख्या कम जरूर है लेकिन सच्चाई भी है कि मामले या तो समझ नहीं आ रहे या दर्ज नहीं हो रहे हैं।

बीते सप्ताह केरल में 69, महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 मामले दर्ज हुए। लेकिन शेष एशिया में जिस तरह से कोविड के मामले दर्ज हो रहे हैं, वे चिंता बढ़ाते दिख रहे हैं। हांगकांग और सिंगापुर में यह तेजी से फैल रहा है। अभी नया वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है। यह पहली बार अगस्त, 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर, 2023 में ही 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर साफ किया था कि यह ओमिक्रॉन बीए 2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एलएफ7 और एनबी1.8 की संख्या ज्यादा थी।

कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में ज्यादा असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़े हैं। अकेले सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14,200 से ज्यादा नए मामले आए। इन जगहों पर भी जेएन1 और उसके उप-वैरिएंट ज्यादा मिल रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन देशों में बढ़ते मामलों का कारण वहां लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावना से इंकार नहीं है। तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र में धीरे ही सही, इसका बढ़ना अच्छा संकेत नहीं है। बीते 18 मई को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रैविस हेड कोरोना संक्रमित हुए तो दूसरे ही दिन बिग बॉस फेम शिल्पा शिरोडकर भी शिकार हो गईं।

इतना तो समझ आ गया है कि सिंगापुर अब नया हॉटस्पॉट बनकर उभर रहा है। सप्ताहभर में ही संक्रमण के मामलों में 28 फीसदी की वृद्धि चिंताजनक है। चीन से छन-छनकर जो निकल रहा है वहां भी बीते एक महीने में कोरोना मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन चीन से जितने वैरिएंट सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा। इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वे हैं जो कोमोरबिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियां होती हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं।

# भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

ललित गर्ग

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों।

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई। ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा।





भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? इन बातों का खुलासा होना सुरक्षा एवं सैन्य गोपनीयता की दृष्टि से ज्यादा जरूरी है।


गिरफ्तार सभी अपराधियों को गंभीर पूछताछ के बाद कठोर सजा मिलनी चाहिए। दुश्मन चाहे देश के अंदर हो या बाहर उनके प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर सख्ती के साथ कार्यरत रहनी ही चाहिए। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। सरकार ने इन गिरफ्तारियों के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अब तक देशभर में दर्जनों संदिग्धों को निगरानी में लिया गया है और जांच तेज़ है।

निश्चय ही यह राष्ट्र-विरोधी जासूसों का खुलासा पाक रचित राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, पाक सीधा युद्ध की सामर्थ्य एवं ताकत नहीं रखता, इसलिये कभी वह आतंक का सहारा लेता है तो कभी पैसों का प्रलोभन देकर देश के लोगों को खरीदने की कुचेष्ठा करता है। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए ताकि आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। पाक तो भारत का शत्रु है और वह सामने दिखाई दे रहा है, लेकिन देश के अंदर छिपे गद्दार भी भारत के शत्रु हैं। इस तरह के गद्दारों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पाक का समर्थन करने वाले खालिस्तानी आतंकवादी हैं, कश्मीर में भी ऐसे लोग है जो पाक एवं उसके पोषित आतंवादियों का सहयोग एवं समर्थन करते हैं। ऐसे राष्ट्र-विरोधी लोगों एवं आतंकवादियों का सिर कुचलने का, यही सही समय है। केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए।

बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है। ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों एवं देश को दीमक की तरह खोखला कर रहे शत्रुताओं का नाश किया जा सके।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3537




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3536 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मियां-बीवी में धन-दौलत की मिल्कियत को लेकर जबरदस्त कहा-सुनी हो गई. बीवी ने गुस्से से कहा, 'तुम्हारा इस घर में है क्या, जो कुछ है, सब मेरे पिता ने दहेज में दिया है.'

संयोगवश उसी रात घर में चोर घुस गए. बीवी की आंख खुल गई. वह मियां को जगाने लगी, 'जल्दी उठो, घर मे चोर घुस आए हैं.'

मियां ने करवट बदलते हुए कहा, 'मै क्यों उठूं, मेरा इस घर में है ही क्या?'

□ □ □

जज (अभियुक्त से) - तुम्हारी पहली पत्नी की मौत कार दुर्घटना से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी जहर खाकर मर गई. ऐसा क्यों हुआ?

अभियुक्त (जज से) - दूसरी पत्नी कार चलाना नहीं जानती थी.

□ □ □

एक ग्राहक होटल के बैरे से - अरे इस गिलास में पत्ता गिरा है.

बैरा (ग्राहक से) - इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है, इस शहर में हमारे होटल की कई शाखाएं हैं.

□ □ □

रमेश - अरे, आपका लड़का फेल हो गया है और आप मिठाई खिला रहे हो?

नेता जी - पास, फेल क्या मायने रखता है, बहुमत तो इसके साथ है. पचास में से पैतीस बच्चे इसके साथ फेल हुए हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3537



**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२


**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

फिल्म वर्ग पहेली- 3536



## सूडोकु -3537



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु-3536 का हल



## शब्द पहेली - 3537



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली - 3536 का हल



# यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे बनेगी 100 मीटर चौड़ी ग्रीनबेल्ट

## 38 किमी तक की होगी लंबाई, 700 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 100 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। इसे यीडा विकसित करेगा। सेक्टर-17 से जेवर एयरपोर्ट तक 38 किमी लंबे ग्रीन बेल्ट को विकसित करने के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया जाएगा।




जिस पर करीब 700 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल बनाना, हरियाली को बढ़ावा देना है।

### म्यूजिकल फाउंटेन और म्यूरल्स बनाएंगे

इस ग्रीन बेल्ट में म्यूजिकल फाउंटेन, म्यूरल्स और अन्य पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। ये न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी बनेंगे।
यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे ग्रेटर नोएडा से जेवर तक 38 किमी लंबी और 60 मीटर चौड़ी सड़क बनाई गई है। प्राधिकरण के सेक्टरों की सड़क से कनेक्टिविटी है। सड़क के किनारे प्राधिकरण ने 100 मीटर चौड़ी जमीन ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित कर रखा है।

### सौर ऊर्जा से संचालित होगा पार्क

इस ग्रीन बेल्ट की लैंडस्केपिंग कर विभिन्न प्रजातियों के देसी-विदेशी पौधे लगाए जाएंगे। यह स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन का एक अनूठा साधन होगा। विश्वस्तरीय लैंडस्केप डिजाइन के साथ हरियाली को बढ़ावा दिया जाएगा।
पर्यावरण-अनुकूल होगी सुविधाएं जिसमें सौर ऊर्जा से संचालित स्ट्रीट लाइट्स, वर्षा जल संचयन प्रणाली, जैविक खाद उत्पादन इकाइयों को शामिल किया गया है।

### वॉकिंग और साइकिल ट्रैक

वॉकिंग और साइकिलिंग ट्रैक बनाया जाएगा। मनोरंजन के लिए बच्चों और परिवारों के लिए खेल के मैदान, ओपन-एयर थिएटर, और पिकनिक स्पॉट जैसी सुविधाएं भी होंगी। ये सब कार्य ग्लोबल टेंडर के जरिए कराया जाएगा। जिसकी आरएफपी तैयार की जा रही है। इसके बाद कंपनी का चयन किया जाएगा।

## शहर में औद्योगिक गतिविधियों को रफ्तार मिलेगी

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के मास्टर प्लान 2041 के तहत फेज-2 में औद्योगिक विकास को गति देने की तैयारी है। योजना के तहत उद्योग, लॉजिस्टिक पार्क, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब और आधुनिक टाउनशिप के लिए करीब 14192 हेक्टेयर जमीन आरक्षित की गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि ने बताया कि यह अबतक का सबसे बड़ा औद्योगिक भूमि आरक्षण है। इस निर्णय से क्षेत्र में लॉजिस्टिक पार्क, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, टाउनशिप और अन्य औद्योगिक परियोजनाओं को नई गति मिलेगी। प्राधिकरण द्वारा फेज-2 के लिए विकास का खाका तैयार किया जा रहा है। टीम मौके पर जाकर परीक्षण कर रही है, जिससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके।पहले चरण में मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा फेज-वन में अबतक 19 औद्योगिक सेक्टर में 2750 इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। वहीं फेज-2 में इससे कई गुना अधिक इकाइयों को भूमि उपलब्ध कराई जा सकेगी। बोड़ाकी गांव के पास प्रस्तावित मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए रेलवे ट्रैक की संख्या तय करने पर मंथन जारी है।

# नोएडा प्राधिकरण ने जब्त की 1200 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक

## हरौला और सेक्टर-10 में टीम ने मारा छापा



**नोएडा।** नोएडा में एंटी सिंगल यूज प्लास्टिक ड्राइव लगातार जारी है। बुधवार को 1200 किग्रा सिंग यूज प्लास्टिक जब्त की गई। ये अभियान जन स्वास्थ्य विभाग के इंदू प्रकाश सिंह, परियोजना अभियंता गौरव बंसल के अगुआई में चलाया गया। इस दौरान लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक किया गया। उनको बताया गया कि इस प्लास्टिक के यूज से क्या क्या बीमारियां हो सकती है।
इस दौरान छापामारी अभियान चलाया गया। जिसके तहत 1200 किग्रा सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई। इसमें सेक्टर-10 में विष्णु प्लास्टिक से 500 किग्रा, एक अन्य दुकान से 100 किग्रा, सेक्टर-5 हरौला में जैन प्लास्टिक से 600 किग्रा प्लास्टिक जब्त की गई।
दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि दोबारा प्लास्टिक नहीं आनी चाहिए। साथ दोबारा ऐसा कृत्य करने पर भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की कि जब भी बाजार जाए कपड़े का थैला लेकर ही जाए।
इससे पहले भी दो दिन लगातार दुकानों से प्लास्टिक को जब्त किया गया। जिसमें लगातार दोनों दिन 500-500 किलो प्लास्टिक जब्त की गई।

# शार्ट न्यूज

## तेज रफ्तार गाड़ी ने पति-पत्नी को टक्कर मारी, पति की मौत; पत्नी गंभीर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। निलौनी गांव के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले दंपति को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 50 वर्षीय तेजपाल और उनकी पत्नी सुनहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपति को ग्रेटर नोएडा के राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने तेजपाल को मृत घोषित कर दिया। सुनहरी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। परिवार का आरोप है कि वाहन चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि वाहन के नंबर की पहचान कर जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## किसान नेता को धमकी: स्कॉर्पियो में आए युवकों ने दी जान से मारने की धमकी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबू पुरा में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध कॉलोनी और खनन की शिकायत करने पर किसान नेता को जान से मारने की धमकी दी गई है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कुछ दिन पहले जिला अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की थी। उनका कहना है कि अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। 18 मई को स्कॉर्पियो कार में सवार कुछ युवक उनके घर पहुंचे। उन्होंने किसान नेता को आगे शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। धीरेंद्र प्रताप ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और अधिकारियों को दी। किसान नेता का आरोप है कि अभी तक माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। धमकी के बाद से उनका पूरा परिवार डरा हुआ है। अब वे इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के लिए लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## ग्रेटर नोएडा में पिता-पुत्र को पीटा

### एसीपी के आदेश पर 13 दिन बाद 4 लोगों पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव महमदपुर में एक दुकान से सामान लेने गए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 8 मई की शाम की है। राजू के बेटे जयप्रकाश को गांव के ही कुछ लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। जब जयप्रकाश के पिता राजू अपनी पत्नी ऊषा और छोटे बेटे देवेंद्र के साथ बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में राजू और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस को शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने एसीपी जेवर से शिकायत की। एसीपी के आदेश पर पुलिस ने घटना के 13 दिन बाद बुधवार को गुलशन, गौरव, दिनेश और शिबू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## प्रदूषण व धूम्रपान से बढ़ा हृदय रोग का खतरा

**ग्रेटर नोएडा।** जिम्स में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2022 के मुकाबले 2024 में चार गुना मरीज इलाज के लिए संस्थान पहुंचे हैं। डॉक्टरों का मानना है कि अवसाद के साथ ही दिनचर्या खराब होने से हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा है। जिम्स के जनरल मेडिसिन विभाग में साल 2022 में 209 लोग हृदयरोग से संबंधी समस्या लेकर पहुंचे थे, वहीं साल 2024 में 840 लोग हृदय रोग की समस्या लेकर पहुंचे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि मौजूदा समय के करीब तीन साल पहले हृदयरोग से जुड़े मरीज अधिकतर 40 साल से अधिक उम्र के ही मिलते थे, लेकिन इस समय 30 साल से कम उम्र के भी लोगों में तेजी से हृदय संबंधी बीमारियां मिल रही हैं।इसका कारण ग्रेनो, नोएडा-यमुना सिटी के अलावा आसपास क्षेत्र में लगातार वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहना है। साथ ही धूम्रपान व शराब का सेवन भी बीमारी का खतरा बढ़ा रहा है।

## अपात्रों के खाते में पेंशन भेजने पर लगाई रोक

**ग्रेटर नोएडा।** वृद्धावस्था योजना की पेंशन अपात्रों के बैंक खातों मैं भेजना पर जिला समाज कल्याण विभाग ने रोक लगा दी है। बैंकों को पत्र लिखकर मृतकों और अपात्रों के खातों में भेजी गई पेंशन की जानकारी मांगी गई है। जिला समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेंशन योजना के 14,881 पेंशनधारक पंजीकृत थे। इसमें 863 पेंशनधारक मृत और 62 अपात्र मिले। विभाग ने अपात्रों के मामले में जांच के लिए टीम बनाई है। साथ ही मृतकों और अपात्रों को भेजी गई पेंशन के संबंध में बैंकों से भी डिटेल मांगी है। पिछले एक साल की पेंशनधारक की बैंक स्टेटमेंट निकलवाया जाएगी।विभागीय अधिकारियों के अनुसार हर साल अप्रैल से जून तक पंजीकृत पेंशनधारकों का वेरिफिकेशन किया जाता है। जिसके आधार पर पेंशन बैंकखातों में भेजने की प्रक्रिया पूरे वर्ष जारी रहती है। अगले वर्ष जब वेरिफिकेशन होता है, तब ही पेंशनधारक के जीवित या मृत होने का पता चलता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि मृतकों व अपात्र पेंशनधारकों के संबंध में रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों को भेज दी गई।

## बर्ड फ्लू को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**ग्रेटर नोएडा।** प्रदेशभर में तेजी से बढ़ रहे बर्ड फ्लू (एच 5 एवियन इन्फ्लूंएजा वायरस) के खतरे के बाद जिले में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को मुर्गी पालन केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि एवियन इन्फ्लुएंजा के संचरण को रोकने के लिए आसपास के मुर्गी फार्म, प्रवासी पक्षी प्रवास स्थल व अन्य पशु केंद्रों की निगरानी आवश्यक है। फार्म में काम करने वाले कर्मचारी पक्षियों के अधिक संपर्क में रहते हैं।उनमें संक्रमण फैलने का अधिक खतरा होता है। उन्होंने बताया कि यदि फार्म में पक्षी के मरने की सूचना मिलती है तो देखरेख करने वाले संबंधित कर्मचारियों का सैंपल लिया जाएगा और जांच के लिए भेजा जाएगा, रिपोर्ट आने तक कर्मचारियों को क्वारंटाइन रखा जाएगा। इसके अलावा मुर्गी फार्म, वेटलैंड, ओखला बर्ड सेंचुरी में कार्यरत कर्मचारियों में संक्रमण को रोकने के लिए निगरानी रखी जाएगी। पक्षियों की मरने की सूचना मिलते ही जगह को रेड जोन घोषित कर बंद किया जाएगा। वहीं, जिले में संचालित मुर्गी फार्म में पक्षियों के नमूने लेने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यरत कर्मचारियों के भी सैंपल लिए जाएंगे। हालांकि पक्षियों के सैंपल की जांच में पॉजिटिव होने की पुष्टि नहीं हुई है। पक्षियों की सैंपल लेने की प्रक्रिया पशु पालन विभाग की ओर से की गई है।

# सोसाइटी में बिजली गुल होने पर बाहर बैठकर लोगों ने काटी रात

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में मंगलवार देर रात को करीब 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।
आरोप है कि सोसाइटी के मुख्य पैनल बॉक्स में आग लगने के कारण फाल्ट हो गया, जिससे लाइट चली गई। वहीं, लोगों ने बाहर परिसर में बैठकर अपनी रात गुजारी। सोसाइटी में रहने वाले एसपी यादव ने बताया कि मंगलवार देर रात को सोसाइटी के मुख्य पैनल बॉक्स में आग लगने के कारण वायरिंग जल गई और सोसाइटी की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आरोप है कि करीब 10 बजे सभी टावर के घरों में लाइट चली गई।काफी देर तक लोगों ने इंतजार किया, जिसके बाद लोगों ने बिल्डर प्रबंधन से शिकायत की, तब पता चला कि पैनल के तार जलने के कारण लाइट गई है। लाइट जाने का लोगों ने भरपूर विरोध जताया। सोसाइटी की मुख्य लाइन जलने के कारण डीजी का संचालन भी नहीं हो सका।

# नोएडा में सिंचाई विभाग की जमीन पर कार्रवाई

## 65 बीघा जमीन से अवैध कब्जा हटाया, कीमत 50 करोड़ रुपए

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के कासना में प्रशासन ने बुधवार को सिंचाई विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाया।
इस जमीन की कीमत 50 करोड़ रुपए से अधिक है। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से 65 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया।
कासना थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। कुछ ने झुग्गी-झोपड़ी बना ली थी। कुछ ने मकान बना लिए थे। प्रशासन पिछले दो वर्षों से इन लोगों को नोटिस दे रहा था।



सदर एसडीएम चारुल यादव के नेतृत्व में प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची।
उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। जमीन की पैमाइश भी कराई गई थी।
कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम चारुल यादव के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी और सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पुलिस और लूटेरे के बीच मुठभेड़, गोली लगने से बदमाश घायल

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस और चोरी की बाइक से मोबाइल और चेन लूट करने वाले शातिर बदमाश के साथ नोएडा से दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते गंदे नाले पर मुठभेड़ हो गई। जिस में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जिसकी पहचान सोनू उर्फ सत्ता के रुप में हुई है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश के पास से चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस और लूट का मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि सोनू उर्फ सत्ता लम्बे समय से वांछित चल रहा था। जो कि मोबाइल लूट के अलावा दो पहिया वाहनों और घरों में भी चोरी करता है। आरोपी बदमाश के खिलाफ नोएडा और दिल्ली के अलग-अलग थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।



## बैंककर्मी बनकर साइबर ठगी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति को खुद को बैंककर्मी बताकर ठग ने 45 हजार रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित गज्जी ने बताया कि मंगलवार को उन्हें एक कॉल आया। कॉलर ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके खाते में राशि जमा करने की लिमिट कम है। इसे बढ़ाने के लिए ओटीपी की जरूरत है। पीड़ित ने ओटीपी साझा कर दिया। कुछ ही देर में उनके खाते से पहले 30 हजार और फिर 14 हजार रुपये निकल गए। कुल 45 हजार रुपये की ठगी हुई। बुधवार को पीड़ित ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली ढांचे ठीक करने लिए 96 करोड़ का बजट मंजूर

**नोएडा।** नोएडा जोन के शहरी क्षेत्र में बिजली ढांचे को मजबूत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पावर कॉरपोरेशन ने 96.60 करोड़ रुपये से अधिक के बजट को मंजूरी दी है। इस बजट को विद्युत निगम के मुख्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है। इस राशि का उपयोग नए उपकेंद्रों के निर्माण, विद्युत लाइनों की स्थापना, खंभों की मरम्मत और पुरानी लाइनों के नवीनीकरण सहित 446 विभिन्न परियोजनाओं पर किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत नोएडा में बिजली आपूर्ति को और विश्वसनीय बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल ने बताया कि इस बजट के तहत नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली ढांचे को उन्नत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए बिजली की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। इस बजट से न केवल नए उपकेंद्र स्थापित होंगे, बल्कि पुरानी और जर्जर लाइनों को भी दुरुस्त करेंगे, ताकि बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह की रुकावट न आए। इस परियोजना के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली खंभों की स्थापना, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, और भूमिगत केबल लाइन जैसे कार्य शामिल हैं।

## तीन गांव के किसानों ने जमीन देने पर सहमति जताई

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए तीन गांव के किसानों ने भूमि देने पर सहमति जता दी है। इस संबंध में तीनों गांव के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह से मिला और ज्ञापन सौंपा। बता दें कि क्षेत्र में एयरपोर्ट आने के बाद तेजी से विकास परियोजनाओं का निर्माण हो रहा है। इसके लिए विभिन्न गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। बुधवार को जौनचाना, फाजिलपुर और भीकनपुर गांव के लोगों ने अधिग्रहण नीति को सहमति दी है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि प्राधिकरण की नीति है किसानो को उनकी ज़मीन के बदले में मुआवजा राशि और साथ ही विकास सेक्टर में 7 प्रतिशत का प्लॉट दिया जाए, उसमे हम अपनी सहमति देते हैं।किसानों ने विकास में प्राधिकरण का पूरा सहयोग देने का वादा किया है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि संसाधनों के अभाव में सभी ग्रामवासी प्राधिकरण आने में असमर्थ हैं। ऐसे में उनका प्रतिनिधित्व ग्राम की ओर से पंकज त्यागी व नरेश त्यागी करेंगे, ताकि दस्तावेज की प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूरी हो सके।

# नोएडा पार्क की बेंच में फंसी बच्ची की उंगलियां

## 6 घंटे में मेटल प्लेट काटकर बाहर निकाली, उंगलियों में खून का संचार हो गया था कम

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट के पीछे पार्क में लगी बेंच में एक 7 साल की बच्ची अंशिका की एक उंगली फंस गई। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद मेटल टीन को काटा। इसके बाद बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने इसका कोई इलाज नहीं होना बताया। जिसके बाद टीम ने दोबारा से मेटल प्लेट को बारीक काटकर बच्ची की दोनों उंगलियों को बाहर निकाला।



जानकारी मिलते ही फायर सर्विस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अपने रेस्क्यू टूल्स एवं बाहर से आयरन वर्क करने वाले व्यक्तियों को बुलाया। इसके बाद उंगलियों के चारों और के मेटल को काटा और एक टुकड़ा अलग कर लिया।
जिससे उंगलियों पर ज्यादा दबाव न पड़े। बच्ची की उंगलियों को लगभग 06 घंटे की कड़ी मेहनत से सुरक्षित निकाला गया।
अंशिका की उंगली बेंच में बने छेद में फंस गई थी। उसने काफी प्रयास किया। इस कारण उंगलियों में खून का संचार कम हो गया। जिससे उंगलियों में सूजन आ गई। जल्द से जल्द टीम प्लेट को काटकर बच्ची को डॉक्टर के पास पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने असमर्थता व्यक्त की। जिसके बाद दोबारा से फायर कर्मियों ने टूल की मदद से सावधानी से टीन प्लेट काटी और बच्ची की उंगलियों को होल से बाहर निकाला।

# आम की फसल बर्बाद, करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग की

**ग्रेटर नोएडा।** हाल ही में आए तेज आंधी और तूफान ने गौतम बुद्ध नगर जनपद के किसानों पर कहर बनकर हमला किया है। खासकर आम की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान गहरे आर्थिक संकट में आ गए हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए करप्शन फ्री इंडिया संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।
जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वेक्षण कराया जाए और किसानों को आर्थिक सहायता दी जाए।



संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और वरिष्ठ सदस्य आलोक नागर ने बताया कि जेवर, दादरी, रबूपुरा, दनकौर, बिलासपुर और जहांगीरपुर जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों आम के पेड़ या तो उखड़ गए हैं या टूट गए हैं। आम की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है और किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है।
चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा, प्रदेश सरकार को चाहिए कि इस प्राकृतिक आपदा को गंभीरता से ले और प्रभावित किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करे।
इस दौरान बलराज हूंण, अधिवक्ता धीरज खटाना, दुलीचंद नागर, अधिवक्ता कपिल कसाना, सतबीर भाटी और दीनदयाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।
जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सर्वे कराया जाएगा और योग्य किसानों को सरकारी मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

# नोएडा में शिक्षिका ने की पेरेंट्स से अभद्रता

## बच्ची के सामने बोला मां की भी होगी पिटाई, डीआईओएस ने बाल कल्याण समिति से मांगी रिपोर्ट

नोएडा। सेक्टर-51 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल की एक शिक्षिका पर महिला पेरेंट्स से अभद्रता का मामला सामने आया है। बुधवार को स्कूल पहुंचकर बच्ची के महिला पेरेंट्स के परिजन ने विरोध जताया।
मामला संज्ञान में आने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जांच बैठाते हुए बाल कल्याण समिति से रिपोर्ट मांगी है। हालांकि स्कूल प्रबंधन ने इस तरह की कोई शिकायत मिलने से इनकार किया है। सेक्टर-74 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनकी पोत्री सेक्टर-51 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दो में पढ़ती है।
मंगलवार सुबह वह स्कूल पहुंची। कक्षा के दौरान शिक्षिका ने उससे प्रोजेक्ट संबंधी जानकारी मांगी। बच्ची ने प्रोजेक्ट पर काम न कर पाने की जानकारी दी। आरोप है कि यह सुन शिक्षिका का पारा हाई हो गया। उन्होंने बच्ची को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में प्रोजेक्ट का काम पूरा नहीं किया तो बच्ची के साथ-साथ उसकी मां की भी पिटाई होगी। यह सुन बच्ची घबरा गई।
परिजन का कहना है कि घर पहुंचने पर बच्ची गुमसुम हो गई। ट्यूशन के दौरान भी उसका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा था। उसी दौरान शिक्षिका ने बच्ची की मां को फोन किया।

# यूपी के 12 शहरों में आंधी-बारिश, ओले गिरे

## नोएडा में कई होर्डिंग-पोल गिरे, बदायूं में ट्रांसफॉर्मर से 4 गांवों में आग; सिपाही समेत 10 की मौत

पश्चिमी यूपी का मौसम बुधवार देर शाम बदल गया। मेरठ, संभल, अमरोहा, हापुड़, आगरा समेत 12 जिलों में बारिश हुई। 6 जिलों में हुए हादसे में 10 की मौत हो गई। मरने वालों में सिपाही भी शामिल है।

नोएडा में तेज आंधी के साथ बारिश हो हुई। इस दौरान करीब 80 चरू की रफ्तार से हवा चली। कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। हाईवे पर करीब 10 किमी लंबा जाम लग गया।

मेरठ में आंधी इतनी तेज थी कि 50 से ज्यादा जगहों पर पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिर गए। बारिश के साथ ओले गिरे। यहां नौचंदी मेले में जलभराव हो गया। झूले गिर गए।

यहां लिसाड़ी गेट क्षेत्र में कच्चा मकान ढह गया। परिवार के कई सदस्य घायल हुए। जिस वक्त हादसा हुआ, परिवार की महिलाएं रोटी बना रही थीं। यहां पोल की चपेट में आकर एक मूर्तिकार की मौत हो गई। दौराला में बाइक सवार पिता-पुत्र पर पेड़ गिरा। पिता की मौत हो गई।

बिजनौर में अफजलगढ़ थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र कुमार की बाइक सड़क पर गिरे पेड़ से टकरा गई। इससे उनकी मौत हो गई।

अलीगढ़ में आंधी से भुजपुरा पुलिस चौकी की दीवार भरभराकर ढह गई।

बागपत में भी बारिश के साथ ओले गिरे। गन्ने और तरबूज की फसल को नुकसान पहुंचा है। सहारनपुर के देवबंद में बिजली गिरने से 2 की मौत हो गई।

गाजियाबाद में 30 किमी की स्पीड से धूल भरी आंधी चली। हापुड़ रोड पर



पेड़ गिरने से एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत मौत हो गई। दिल्ली बॉर्डर से सटे खोड़ा कॉलोनी क्षेत्र में दीवार गिरने से महिला की मौत हुई। हिंडन का छोटा पुल आंधी से झुक गया।

बदायूं में ट्रांसफॉर्मर की चिंगारी से घूर (कूड़े का ढेर) में आग लग गई। आंधी से सोनभुडी, जामुनी, नगला वरन समेत 4 गांवों में आग लग गई। सड़क पर पेड़ गिरने से राहत-बचाव का काम बाधित है।

बुलंदशहर में टीनशेड और दीवार गिरने से बच्चे की मौत हो गई। 8 लोग घायल हुए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

इससे पहले बुधवार सुबह लखीमपुर खीरी में बारिश और आंधी से दीवार गिर गई। मलबे में दबने से एक पिता और उसकी 10 साल की बेटी की मौत हो गई। श्रावस्ती में भी सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

महाराजगंज में सुबह साढ़े आठ बजे अंधेरा छा गया। वहां तेज हवाएं चल रही हैं। बलरामपुर में भी तेज बारिश हुई।

कौशांबी में मंगलवार देर रात तेज आंधी के बाद बारिश हुई। आंधी में सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए लगा टेंट 200 मीटर दूर उड़ गया। कुर्सियां और गद्दे भीग गए। आज यहां 200 जोड़ों की शादी होनी थी। अब यह कार्यक्रम गुरुवार यानी कल होगा। बिजली के पोल गिरने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गुरुवार को पूर्वी यूपी में बारिश का अनुमान है।

### क्यों बदला मौसम?

लखनऊ के मौसम विज्ञानी अतुल कुमार ने बताया- बंगाल की खाड़ी की नमी से मौसम बदला है। यूपी में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम एक्टिव हो रहा है। बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी लिए हुए पूर्वा हवा आ रही है।

इससे लू का असर कुछ जिलों में कम पड़ सकता है।हालांकि, अगले 3-4 दिन बाद दोबारा तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस महीने के आखिरी तक पारा 47 डिग्री पार जाने का अनुमान है।

# 50 से ज्यादा सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी

## यूपी एनएचएम मिशन निदेशक ने भेजा पत्र, एचआरएमएस पोर्टल पर संस्तुति न देने पर हुआ एक्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 50 से ज्यादा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को एनएचएम निदेशक ने संविदा पर कार्यरत कार्मिकों की पारस्परिक पुनर्नियुक्ति के सम्बन्ध में मानव सम्पदा पोर्टल पर मांगे गये आवेदनों पर अपनी संस्तुति के साथ राज्य स्तर पर अग्रसारित करने में उदासीनता बरतने पर कारण बताओ नोटिस भेजा है। इस सम्बन्ध में दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा

### इन जिलों के स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ को भेजा लेटर

आगरा, अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, आज़मगढ़, बहराइच, बलिया, बदायूं, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलन्दशहर (तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी), चंदौली, चित्रकूट, देवरिया (तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी वर्तमान में मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर), एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, जी0बी0 नगर (तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी), गाजीपुर, गोण्डा, हापुड़, हरदोई, जालौन, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुज्जफरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, सम्भल, संत कबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर (1 वर्तमान और 2 तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी), उन्नाव और वाराणसी

### सीएमओ को इसलिए भेजा लेटर

मिशन निदेशक की तरफ से कहा गया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेज कर कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए पारस्परिक पुनर्नियुक्ति नीति लागू की थी। उन्होंने कहा है कि इसके तहत सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से इच्छुक कर्मचारियों के आवेदनों को पोर्टल पर प्राप्त करके उसी के माध्यम से अपनी संस्तुति देते हुए अंतिम तिथि के 15 दिनों के अंदर शासन स्तर पर अग्रसारित करने के निर्देश दिये गये थे। पर अब मानव सम्पदा पोर्टल पर प्राप्त समस्त पारस्परिक पुनर्नियुक्ति के आवेदनों को निर्धारित समय तक संस्तुति कर राज्य स्तर पर अग्रिम कार्यवाही किये जाने के लिए अग्रसारित नहीं किया गया है, जो कि पूर्व में दिये गये दिशा-निर्देशों का उल्लघंन है और राजकीय कार्यों में उदासीनता का द्योतक है।

# मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** गिरार पुलिस ने क्षेत्र के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव, के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाछिंत/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-31/2025 धारा 119(1), 352,118(1),351(3) बीएनएस के अभियोग में वांछित अभियुक्त अवध राजा उर्फ बड्डा पुत्र करन यादव उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम झाकर थान गिरार ललितपुर, को मुखबिर की सूचना पर ग्राम झांकर थाना गिरार से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। वादी मुकदमा द्वारा थाना गिरार पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्त अवध राजा उर्फ बड्डा द्वारा वादी के पिता से अवैध रुपये की मांग करते हुए गाली-गलौज कर लाठी/कुल्हाड़ी से मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में दिया गया था ।

## पुलिस चौकी से चोरी हुई रिटायर्ड सूबेदार की बंदूक

**झांसी।** झांसी में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां के नवाबाद थाने की विश्वविद्यालय चौकी से सेना के रिटायर्ड नायब सूबेदार की लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक चोरी हो गई। 8 साल पहले चुनाव के समय सूबेदार ने अपनी बंदूक चौकी में जमा कराई थी। अब लेने पहुंचे तो पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए। मामला पुलिस अफसरों तक पहुंचा तो चौकी के मालखाने में तलाशी ली गई। फिर नवाबाद थाने के मालखाने में बंदूक को ढूंढ़ा गया। जब नहीं मिली तो पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक लौटाने से हाथ खड़े कर दिए। मालखाने से बंदूक गायब होने से हैरान नायब सूबेदार ने एसएसपी से बंदूक वापस दिलाने की गुहार लगाई है। नवाबाद थाना के महाराणा प्रताप नगर निवासी देवेंद्र सिंह राठौर सेना से नायब सूबेदार के पद से रिटायर्ड हैं। उनका कहना है कि 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस ने उनकी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक (माडल-डीबीबीएल-94) विश्वविद्यालय पुलिस चौकी में जमा कराई थी। जमा करके पुलिस ने रसीद संख्या- 134 जारी कर दी। सेना में तैनाती के चलते समय न मिलने से चुनाव के बाद बंदूक लेने थाने नहीं जा सके। इसके बाद के चुनाव में जब उनसे बंदूक जमा कराने को कहा जाता था तो वह अपनी रसीद दिखाकर बंदूक जमा होने की बात बता देते थे। यह सिलसिला करीब सात साल तक चलता रहा।

# अलग-अलग मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने एक महिला सहित चार वारण्टीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय, के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाछिंत/वारटीं अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्त मूलचन्द्र पुत्र रमू उम्र 55 वर्ष ग्यासी पुत्र रमू उम्र 70 वर्ष नि0गण ग्राम टेटा मजरा फूटा थाना तालबेहट जिला ललितपुर से सम्बन्धित NBW केस नं0 800104/09 सीताराम बनाम



मौनलाल धारा 406/506 भादवि0 थाना बार मा0 न्याया0 अपर सिविल जज (जू0डि0) न्यायिक मजि0 ललितपुर मुन्नालाल पुत्र भैरों कुशवाहा उम्र करीब 65 वर्ष नि0 ग्राम कडेसराकलां थाना तालबेहट ललितपुर कल्यानपुरवारी पत्नी मुन्नालाल उम्र करीब 60 वर्ष नि0 ग्राम कडेसराकलां थाना तालबेहट जनपद ललितपुर NBW केस नं0 737/17 लक्ष्मीनारायण बनाम सावित्री थाना पाली धारा 406/420/323/504/506 भादवि मान0 न्याया0 एसीजेएम ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ.नि. मानवेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी तेरई फाटक, उ.नि. दुर्गाप्रसाद, हे.का. विक्रम विशाल द्विवेदी, का. सूरज सिंह, म.का. ज्योति आदि शामिल रहे।

# जनपदवासियों को जल्द मिलेगी बल्क ड्रग फार्मा पार्क की सौगात

## गंभीर बीमारियों की दवाएं व मेडिकल डिवाइज होंगे तैयार : जिलाधिकारी

**ललितपुर।** मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन की सलाहकार समिति के दिनांक 24 मई 2025 को सम्भावित जनपद भ्रमण के चलते जनपद के महरौनी के ग्राम सैदपुर में बन रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क का बुधवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया और प्रथम चरण के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने हेतु यूपीसीडा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये ।जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को बताया कि भारत सरकार के बल्क ड्रग पार्क नीति के अन्तर्गत निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर जनपद ललितपुर के ग्राम सैदपुर विकासखण्ड मड़ावरा जनपद ललितपुर में फार्मा पार्क की स्थापना की जा रही है, जो भारत सरकार



एस्पायरेशन विकासखण्ड के अन्तर्गत चिन्हित है और इसे लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है, इस हेतु आगामी 24 मई को मा0 मुख्यमंत्री जी की सलाहकार समिति का दौरा भी सम्भावित है, इस सलाहकार समिति में मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डॉ केवी राजू व खाद्य एवं सुरक्षा सलाहकार डॉ जीएन सिंह शामिल रहेंगे। इससे पहले भी विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर चुके हैं ।उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग फार्मा पार्क में प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसमें सड़क के चौड़ीकरण हेतु बिजली के खंभों को शिफ्टिंग, विद्युत उपकेन्द्र व अलग से विद्युत लाइन डाले जाने तथा वन विभाग द्वारा पेड़ कटान का कार्य कराया जा रहा है, उन्होंने इन कार्यों को जायजा लेकर सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण राहुल सिंह ने बताया कि फार्मा पार्क के लिए 33/11 केवी उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य चल रहा है, जिसमें कण्ट्रोल रुम भवन बन गया है और फाउण्डेशन बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण हेतु खम्भों की शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा अलग से 33 केवी की लाइन जो 15 किमी में डाली जानी थी, 10 किमी डाली जा चुकी है।

सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रोहित त्रिपाठी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा फोरलेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, जिस हेतु मिट्टी डाली जा रही है और वन विभाग द्वारा पेड़ों के कटान का कार्य भी प्रगति पर है।

## चार पिस्टल तीन मैग्जीन एक तमंचा के साथ दो अन्तर्राज्यीय असलहा तस्कर गिरफ्तार



**ललितपुर।** जीआरपी ने बुधवार को जंक्शन स्थित प्लेटफार्म से चार पिस्टल तीन मैग्जीन एक तमंचा के साथ दो अन्तर्राज्यीय ? असलहा तस्कर गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी द्वारा चलाये जा रहे अभियान चेकिग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु एवं गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध शराब असलहा कारतूस के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झाँसी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी ललितपुर के नेतृत्व में थाना जीआरपी ललितपुर पुलिस टीम व अनुभागीय क्यूआरटी टीम जीआरपी झांसी द्वारा रेलवे स्टेशन ललितपुर मालगोदाम के पास से दो अभियुक्तगणो को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 04 पिस्टल 32 बोर मय 03 अतिरक्त मैगजीन व एक अवैध तमन्चा 315 बोर बरामद हुये। बरामद अवैध पिस्टल व तमन्चा के आधार पर अभि0 गणो के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 65/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुये अभि0 गणो को मान0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## गोरखपुर में महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कमरे में दीवार के सहारे मिला, जबकि छत से पशुओं को बांधने वाली मोटी रस्सी लटक रही थी। घटना सिकरीगंज इलाके के भेउसां उर्फ बनकटां गांव की है। महिला की पहचान 30 साल की आरती पत्नी राजेश बघेल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मध्य प्रदेश के दतिया जिले के सेवड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पति ने दावा किया कि पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी है, लेकिन पड़ोसियों का कहना है कि आए दिन दंपती के बीच झगड़ा और मारपीट होती थी। घटना की जानकारी मिलते ही दुघरा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजेश अपनी पत्नी आरती और चार वर्षीय बेटे अभिषेक के साथ बनकटां गांव में बाबूलाल यादव के मकान में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। वह आसपास के इलाकों में ठेले पर पानीपुरी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। पड़ोसियों के अनुसार राजेश शराब पीने का आदी था और अक्सर अपनी पत्नी से मारपीट करता था। मृतका के शरीर पर भी चोट के निशान होने की बात सामने आई है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। दरअसल, सुबह आरती का बेटा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान राजेश ने घर से बाहर निकलकर शोर मचाया कि उसकी पत्नी ने फंदा लगा लिया है।

# लखनऊ से खाटू श्याम जा रहे मां-2 बेटों की मौत

## जयपुर में कार पीछे से ट्रक में घुसी, परखच्चे उड़े; बहू समेत 3 की हालत नाजुक

**लखनऊ।** लखनऊ के परिवार का जयपुर में एक्सीडेंट हो गया। ट्रक और कार की भिड़ंत में मां और उनके दो बेटों की मौत हो गई। परिवार की बहू और उसके दो छोटे बच्चे गंभीर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालत नाजुक है।

कार में सवार परिवार खाटूश्याम मंदिर जा रहा था। बुधवार सुबह ये हादसा जयपुर ग्रामीण के रायसर थाना इलाके के मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक से भिड़ंत के बाद कार चकनाचूर हो गई। कार में सवार लोग अंदर दब गए थे, जिन्हें आस-पास के लोगों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद निकाला।

प्रत्यक्षदर्शी और स्थानीय रोहित मीणा ने बताया, ट्रक मनोहरपुरा से दौसा की तरह जा रहा था। अचानक उसका राइट साइड का टायर फट गया। जिससे ट्रक रोड पर घसीटता हुआ रुका।

तभी सामने से आ रही कार उससे टकरा गई। ट्रक से भिड़ंत के बाद कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार लोग इसमें दब गए। वे सीटों से चिपक गए थे। ट्रक चालक भी केबिन में फंस गया था।

### मां-बेटों की मौके पर मौत

एडिशनल एसपी ग्रामीण ट्रैफिक ने बताया- परिवार यूपी में लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के हरदोईया बाजार का रहने वाला है। सभी स्विफ्ट कार में सवार थे। दौसा से खाटूश्याम मंदिर की तरफ जा रहे थे।

हादसे के बाद पूरा परिवार कार में फंस गया था। आसपास के लोग फौरन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। लोगों की मदद से घायलों को निकाला और निम्स हॉस्पिटल पहुंचाया।

कार में सवार राहुल (36) पुत्र राम बाबू, उसके छोटा भाई नितिन (32) और मां ललिता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नितिन कार ड्राइव कर रहा था। राहुल की पत्नी बिंदिया रजक (29), ढाई साल का बेटा श्रेष्ठ उर्फ कान्हा और साला रंजीत रजक गंभीर घायल हो गए। उनका इलाज निम्स हॉस्पिटल में चल रहा है।

# शार्ट न्यूज

## वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह, के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाछिंत/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त रामचरन पुत्र शीलू ढीमर उम्र करीब 38 वर्ष नि0 ग्राम पाली थाना महरौनी जनपद ललितपुर सम्बन्धित मुकदमा NO.769/09 बनाम रामचरन धारा 279/337/338/304 भादवि थाना महरौनी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम निरीक्षक निर्भयचन्द्र थाना प्रभारी उ.नि. आजाद बाबू हे.का. अभिषेक कुमार आदि शामिल रहे।

## रेलवे विभाग द्वारा रास्ता बंद करने पर भड़के किसान, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**विशाल इंडिया संवाददाता**



**रामपुर।** बुधवार को जिले के किसान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्र होकर प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व मे कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।सौंपे ज्ञापन में कहा कि तहसील सदर के ग्राम मंडईया उदयराज में किसानों का रास्ता रेलवे विभाग द्वारा पत्थर की दीवार बना कर बंद किया जा रहा है जिसको लेकर रेलवे विभाग के कर्मचारियों से कहा कि हमारा खेतों पर जाने वाला रास्ता बंद हो जाएगा परंतु वह नहीं माने और झगड़े पर उतारू हो गए ।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जहां जहां चक मार्गों पर रास्ता चल रहा है उन स्थानों पर रास्ता छोड़ा जाना चाहिए यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमारे खेतों पर जाने वाला रास्ता बंद हो जाएगा जिससे हमारे सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इस मौके पर दरबारी लाल शर्मा,चौधरी राजपाल सिंह,मोहम्मद तालिब,जुबैद आलम,मोहम्मद मुस्तकीम,छिद्दा नेता,मुर्शीद अली,नल सिंह यादव,सीताराम,जाहिद नेता,रामौतार,सद्दाम हुसैन,सलीमुद्दीन,मुझक्किर अली,मुजीब अली,राजा राम,हुकुम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा का किया आयोजन

**विशाल इंडिया संवाददाता**



**रामपुर।** बुधवार को मिलक खानम में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ।तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप से भारतीय जनता पार्टी के चमरौआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहन कुमार लोधी उपस्थित रहे ।भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह चीमा के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में युवाओं ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता की ।युवाओं के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा,भारत माता की जय के जयकारे लग गए और पाकिस्तान तेरी खैर नहीं के नारे भी युवाओं ने खूब लगाए। तिरंगा यात्रा में जिला महामंत्री सतनाम सिंह,कुलदीप सिंह पन्नू,महेन्द्र शर्मा,सोमपाल सिंह लोधी,शिवम् गुप्ता,अमन राजपूत,हरिओम लोधी,दीपक शर्मा,रामचंद्र लोधी,राजेंद्र लोधी,मुख्तार सिंह,हरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में मां-बाप और बेटे को पीटा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बेलहनी गांव में सरकारी तालाब की जमीन को लेकर हुए विवाद में एक परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। मंगलवार रात साढ़े आठ बजे की घटना में शंकर, उनकी पत्नी रामपती और बेटे संदीप को गंभीर चोटें आईं। रामपती के अनुसार, सरकारी तालाब की जमीन पर उनका लंबे समय से कब्जा था। मंगलवार रात उनके देवर राजकुमार, अनिल और उनके परिवार के सदस्य शिल्पा, प्रिया, अमित और राजेश ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और सरिया से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों की आवाज सुनकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। एसीपी रजनीश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घायलों को पहले सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। बुधवार को ट्रॉमा सेंटर से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने रामपती की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## लखनऊ में अंबेडकर प्रतिमा पर हमला

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बुधवार को एक शराबी व्यक्ति ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पत्थर फेंक दिए। यह घटना नगर पंचायत वार्ड संख्या 2 में हुई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने इस कृत्य का विरोध करते हुए हंगामा किया। सूचना पर बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई थानों की पुलिस और एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट को भी बुलाना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस उन पर दबाव बना रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण वहां से हट गए। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## ईंट व्यापार में टैक्स चोरी, 11 वाहन सीज

**संभल।** संभल में राज्य कर विभाग ने कर चोरी का एक मामला पकड़ा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन की टीम ने ईंटों से लदे 11 वाहनों को पकड़ा। जांच में पता चला कि श्री हरि विनायक ईंट उद्योग मोहम्मदपुर टांडा से लोड की गई ईंटों को अल्फा कंस्ट्रक्शन के फर्जी बिल पर ले जाया जा रहा था। एक ट्रक में मिली 14 हजार अव्वल श्रेणी की ईंटों को दोयम श्रेणी में दिखाया गया था। राज्य कर विभाग विशेष अनुसंधान शाखा के संयुक्त आयुक्त शिव प्रकाश तिवारी के अनुसार, जब बेगम सराय स्थित अल्फा कंस्ट्रक्शन की जांच की गई तो वहां न तो कोई व्यापारिक गतिविधि मिली और न ही कोई दस्तावेज। मकान मालिक इमराना ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ यहां रहती हैं। उन्होंने कभी मकान किराए पर नहीं दिया। पुलिस ने श्री हरि विनायक ईंट उद्योग और अल्फा कंस्ट्रक्शन के खिलाफ बीएनएस की धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) के तहत एफआईआर दर्ज की है। कर चोरी में शामिल लोगों की तलाश जारी है। संयुक्त आयुक्त ने अल्फा कंस्ट्रक्शन का पंजीयन रद्द करने के लिए राज्य कर कार्यालय को पत्र लिखा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अंबरीश कुमार के मुताबिक मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 22 मई 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### इंग्लिश चैनल पार करते वक्त पलटी प्रवासियों की नाव, एक की मौत ; एक लापता

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस की समुद्री अधिकारियों ने बताया कि इंग्लिश चैनल पार करते वक्त प्रवासियों से भरी एक अतिभरी हुई नाव टूट गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक लापता है। यह हादसा रविवार रात हुआ, जब प्रवासी इंग्लैंड जाने की कोशिश कर रहे थे। फ्रांसीसी और ब्रिटिश बचाव दलों ने मिलकर 61 लोगों को सुरक्षित निकाला। इनमें एक महिला और उसका बच्चा अत्यधिक ठंड से पीड़ित पाए गए, जिन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। नाव के डूबने के बाद फ्रांस ने आपातकालीन संदेश जारी किया, जिसके बाद ब्रिटिश नावें, विमान और फ्रांसीसी हेलीकॉप्टर सहित कई बचाव इकाइयाँ मौके पर पहुंचीं। इस साल इंग्लिश चैनल को पार करते हुए अब तक कम से कम 12 लोगों की मौत हो चुकी है। यह जलमार्ग प्रवासियों के लिए बेहद खतरनाक लेकिन आम रास्ता बना हुआ है।

### अमेरिका में ट्रेन की चपेट में आकर दो महिलाओं और 5 साल की बच्ची की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के ओहायो राज्य में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एक ट्रेन ने एक परिवार को रेलवे पुल पर टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं और एक 5 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक साल की बच्ची को गंभीर हालत में बचा लिया गया है। मामले में फ्रेमोंट शहर के मेयर डैनी सांचेज़ के अनुसार, इंडियाना के फोर्ट वेन शहर से आया यह परिवार सैंडस्की नदी के किनारे मछली पकड़ने आया था। हादसे के वक्त परिवार रेलवे पुल पर मौजूद था, जब ट्रेन पुल पर आई और टक्कर हो गई।

### भारत विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्रोफेसर की ओसीआई रद्द की

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन स्थित वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक ब्रिटिश–कश्मीरी प्रोफेसर निताशा कौल ने दावा किया है कि भारत विरोधी गतिविधियों के कारण भारतीय अधिकारियों ने उनकी प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) रद्द कर दी है। जबकि भारतीय उच्चायोग द्वारा निर्धारित ओसीआई नियमों के तहत भारत सरकार भारतीय संविधान के प्रति प्रवासी नागरिक की ओर से दुर्भावना जताने जैसे कुछ विशिष्ट आधारों पर किसी भी व्यक्ति का ओसीआई पंजीकरण रद्द कर सकती है। भारत सरकार से प्राप्त निरस्तीकरण दस्तावेज के एक अंश में कौल पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई शत्रुतापूर्ण लेखन, भाषण व पत्रकारिता गतिविधियों का आरोप लगाया गया है, जो देश की संप्रभुता मामलों में भारत और उसके सार्वजनिक संस्थानों को निशाना बनाते हैं। निताशा कौल ने सोशल मीडिया पर भारत से प्राप्त पत्र का विवरण पोस्ट किया, जिसमें उन पर 'दुर्भावना से प्रेरित होने और तथ्यों या इतिहास की पूर्ण अवहेलना' करने का आरोप लगाया गया है।

### अमेरिका में निर्वासन का सामना कर रही भारतीय छात्रा की जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय पीएचडी छात्रा प्रिया सक्सेना के सिर पर लटक रही निर्वासन की तलवार हट गई है। अब उनका अस्थाई रूप से अमेरिका में रहने का रास्ता साफ हो गया। 28 वर्षीय प्रिया साउथ डकोटा की एक यूनिवर्सिटी की छात्रा हैं।प्रिया को ट्रम्प प्रशासन निर्वासित करने जा रहा था, लेकिन अमेरिका की फेडरल कोर्ट के आदेश के बाद प्रिया को अब अमेरिका में रहने की कानूनी रूप से अनुमति मिल गई है। प्रिया ने हाल ही में साउथ डकोटा स्कूल ऑफ माइंस एंड टेक्नोलॉजी से केमिकल एंड बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। अप्रैल 2025 में होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा सामान्य यातायात उल्लंघन के कारण अप्रत्याशित रूप से उनके एफ–1 छात्र वीजा को रद्द करने के बाद उसे निर्वासन की प्रकिया का सामना करना पड़ा था। हालांकि उनका वीजा फरवरी 2027 तक वैध था। फिर भी स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम रिकॉर्ड हटा दिया गया। इस वजह से संभवत: उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करने और 10 मई को स्नातक होने से रोका जा सकता था। ऐसे में उन्होंने मुकदमा दायर किया। इस पर फेडरल कोर्ट द्वारा एक अस्थायी निरोधक आदेश दिया गया।

### रिवेंज पोर्न को लेकर अमेरिका में बना कानून, ट्रंप और मेलेनिया ने किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलेनिया ट्रंप ने सोमवार को रिवेंज पोर्न को रोकने से संबंधित एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए। इस कानून के जरिए किसी व्यक्ति की सहमति के बिना उसकी निजी तस्वीरों, वीडियो या रिवेंज पोर्न को शेयर करने की हरकतों पर सजा दी जा सकेगी। इस बिल को पास करवाने के लिए मेलेनिया ट्रंप मार्च में सीनेट के सदस्यों से बात करके इस बिल के पक्ष में सहमति बनवाने में कामयाबी हासिल की थी। वाइट हाउस की तरफ से इस मुद्दे पर मीडिया को जवाब देते हुए प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि फर्स्ट लेडी मेलेनिया ट्रंप ने इस कानून को पास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कानू किसी भी व्यक्ति की सहमति के बिना उसकी अंतरंग तस्वीरों, वीडियोज को इंटरनेट पर शेयर करना या शेयर करने की धमकी देने के संघीय अपराध बनाता है। एआई टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए इस बिल में डीप फेक को भी शामिल किया गया है। इस कानून के तहत शिकायत होने पर किसी भी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म को संबंधित वीडियो या तस्वीर 48 घंटे के अंदर हटाना होगा। इसके अलावा डुप्लीकेट सामग्री को हटाने के लिए भी कदम उठाने होंगे।

# दुनियाभर की जेलों में 23456 पाकिस्तानी कैद; दुष्कर्म, हत्या-नशा और धोखाधड़ी के मामलों में हुई है सजा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के 23,000 लोग दुनियाभर में दुष्कर्म, हत्या, मादक पदार्थों की तस्करी और धोखाधड़ी समेत विभिन्न अपराधों में जेल की सलाखों के पीछे बंद है। यह बात पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने नेशनल असेंबली को सूचित करते हुए बताई। उसने कहा, वर्तमान में 23,456 पाकिस्तानी नागरिक विदेशों में सलाखों के पीछे कैद हैं। इनमें से सबसे अधिक 12,156 कैदी सऊदी अरब में बंद हैं। पाकिस्तान के डॉन अखबार ने यह जानकारी विदेश मंत्रालय के हवाले से जारी की है। डॉन ने बताया कि निचले सदन के प्रश्नकाल के दौरान विदेश मंत्रालय ने यह बयान दिया है। डॉन ने बताया, एक लिखित जवाब में मंत्रालय ने कहा कि यूएई में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा 5,292 पाकिस्तानी कैदी हैं। चीन में कैद 400 पाकिस्तानियों में से अधिकांश को ड्रग तस्करी, दुष्कर्म, डकैती, हत्या और जाली मुद्रा के मामलों में दोषी ठहराया गया है। बहरीन में कैद 450 पाकिस्तानियों को ड्रग तस्करी, ड्रग्स रखने और धोखाधड़ी के मामलों में दोषी ठहराया गया था। अफगानिस्तान ने 88 पाकिस्तानियों को निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने और सुरक्षा संबंधी अपराधों के लिए दोषी ठहराया है। पश्चिम एशिया में खराब रिकॉर्ड सऊदी अरब और यूएई को छोड़ दें तो पश्चिम एशिया के अन्य देशों में भी पाकिस्तानियों का ट्रैक रिकॉर्ड खराब बना हुआ है। यहां कतर में 338 और ओमान में 309 पाकिस्तानी नशा तस्करी, हत्या, डकैती और यौन उत्पीड़न में दोषी ठहराए गए हैं। मलयेशिया में ऐसे अपराधों के लिए 255 पाकिस्तानियों को दोषी ठहराया गया है। मित्र देश तुर्किये में भी 147 बंद पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने स्वीकार किया कि अन्य देश जहां पाकिस्तानियों को कैद किया गया, उनमें कनाडा में नौ, डेनमार्क में 27 शामिल हैं। मित्र देश तुर्किये में 147 कैदी और अजरबैजान में 16 में से 11 कैदी संगीन मामलों में दोषी साबित हुए हैं। पाकिस्तान में 50प्रतिशत मस्जिदें आतंकियों का अड्डा वहीं, जम्मू कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान व लद्दाख के लिए राष्ट्रीय समानता पार्टी के अध्यक्ष प्रोफेसर सज्जाद राजा ने पाकिस्तानी कब्जे वाले इलाके में जीवन की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया। ऑपरेशन सिंदूर पर बात करते हुए उन्होंने पाकिस्तान में आतंकवाद को समर्थन पर प्रकाश डाला। राजा ने कहा, ऑपरेशन ने आतंकी गुटों व पाकिस्तानी सेना को अधिक सतर्क बना दिया है। वह बोले, पाकिस्तान में 50प्रतिशत मस्जिदें आतंकवाद के लिए मोर्चे का काम कर रही हैं। प्रोफेसर सज्जाद राजा ने कहा, सेना खुद नहीं मरती। यह मरने के लिए कठपुतलियों को भेजती है, इसलिए वे डरे हुए नहीं हैं। अब वे निश्चित रूप से अधिक सतर्क होंगे क्योंकि उनका पर्दाफाश हो गया है। आतंकी शिविरों के अस्तित्व पर उन्होंने कहा, पीओजेके और पूरे पाकिस्तान में अभी भी कई आतंकी शिविर चल रहे हैं। वास्तव में, पाकिस्तान में लगभग 50प्रतिशत मस्जिदें आतंकवाद का मोर्चा बन गई हैं। यहां अभी भी लोगों को हमलों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। विकास की तुलना में आतंकवाद के प्रति पाकिस्तान के जुनून को समझाते हुए राजा ने कहा, देश में सेना की नीति अर्थव्यवस्था और समाज पर हावी है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी सेना 54 वाणिज्यिक कंपनियां चलाती है और इस कथन पर फलती-फूलती है कि भारत एक अस्तित्वगत खतरा है।

### इजराइल को ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने चेतावनी दी-गाजा में जंग नहीं रोकी तो ठोस कार्रवाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजराइल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजराइल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया। साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजराइली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजराइली क्क्रूबेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए। सोमवार को पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजराइल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई।

### वेनेजुएला ने कोलंबिया से आने वाली उड़ानों पर लगाई रोक, देश में अस्थिरता फैलाने की साजिश का आरोप

**कैरेकस, एजेंसी।** वेनेजुएला सरकार ने रविवार को होने वाले चुनाव से पहले देश में अस्थिरता फैलाने की साजिश का आरोप लगाते हुए पड़ोसी देश कोलंबिया से आने वाली सभी उड़ानों पर तुरंत रोक लगा दी है। यह कदम 30 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी के बाद उठाया गया है, जिन पर बम धमाकों और सरकार विरोधी गतिविधियों की साजिश रचने का आरोप है।

**देश में अस्थिरता फैलाने का आरोप :** मामले में वेनेजुएला के गृह मंत्री डियोसदादो काबेजो ने कहा कि गिरफ्तार किए गए 38 लोगों में 21 वेनेजुएला के और 17 विदेशी नागरिक हैं, जिनमें कोलंबिया, मैक्सिको और यूक्रेन के लोग शामिल हैं। उनका दावा है कि इनमें विस्फोटक विशेषज्ञ, मानव तस्कर और भाड़े के सैनिक भी हैं, जो वेनेजुएला की विपक्षी ताकतों के साथ मिलकर चुनाव से पहले देश को अस्थिर करना चाहते थे।

**कोलंबिया के विदेश मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया :** हालांकि कोलंबिया के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसे वेनेजुएला से किसी कोलंबियाई नागरिक की गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने 2022 में सत्ता में आने के बाद वेनेजुएला से रिश्ते बहाल किए थे।

**विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में दावा :** अमेरिकी समर्थन प्राप्त एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति ने एक रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि वेनेजुएला में जुलाई 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार विरोधी लोगों, चुनाव अधिकारियों, गवाहों, नाबालिगों और यहां तक कि विपक्षी नेताओं के रिश्तेदारों तक को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दौर वेनेजुएला के इतिहास की सबसे सख्त और संगठित राजनीतिक दमन की स्थिति है।

इस बीच, विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो ने इस रविवार को होने वाले चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की है। उनका आरोप है कि राष्ट्रपति मादुरो की जीत अवैध थी और विश्व के कई देश उसे मान्यता नहीं देते। सरकार की तरफ से दावा किया गया है कि विपक्षी नेताओं को देश छोड़ने दिया गया, जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और मचाडो की पार्टी ने इसे अंतरराष्ट्रीय बचाव अभियान बताया। फिलहाल चुनाव से पहले माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

### वैश्विक आपदा की रोकथाम के लिए समझौता, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने पक्ष में किया मतदान

**जेनेवा, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के सदस्य देशों ने वैश्विक महामारी समझौते के पक्ष में मतदान किया। इस समझौते का मकसद भविष्य में किसी भी महामारी को रोकना है। इस समझौते पर आज डब्लूएचओ की बैठक में चर्चा होगी। डब्लूएचओ ने बताया कि बैठक के बाद विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष बयान जारी करेंगे।

**महामारी को रोकना उद्देश्य :** कोरोना महामारी के दौरान इस आपदा समझौते की शुरुआत की गई थी और इसकी मंजूरी देने से पहले तीन साल से अधिक समय तक इसे अपनाने की प्रक्रिया चली। इस समझौते में महामारी की रोकथाम के लिए जो कमियां हैं, उन्हें दूर करने पर बात हुई। डब्लूएचओ ने बयान में कहा कि इस महत्वपूर्ण समझौते को डब्ल्यूएचओ संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनाया गया। इसका उद्देश्य देशों, डब्ल्यूएचओ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों, नागरिक समाज, निजी क्षेत्र और अन्य हितधारकों के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देना है ताकि महामारी को रोका जा सके और भविष्य में महामारी संकट की स्थिति में बेहतर तरीके से निपटा जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस गैब्रेसियस ने कहा, दुनिया भर की सरकारें अपने देशों और वैश्विक समुदाय को महामारी के खतरों से सुरक्षित बना रही हैं।

# जेडी वेंस ने पोप लियो को दिया ट्रंप का संदेश, अमेरिका आने को कहा; भेंट की किताबें और टी-शर्ट



**वेटिकन, एजेंसी।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को वेटिकन में पोप लियो 14वें से मुलाकात की। इस दौरान वेंस ने पोप को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फर्स्ट लेडी की ओर से एक पत्र सौंपा, जिसमें उन्हें अमेरिका आने का न्योता दिया गया है। शिकागो में जन्मे पोप लियो 14वें ने पत्र लेकर अपनी मेज पर रखा। साथ ही इस बात पर वीडियो में उन्हें यह कहते सुना गया कि किसी समय जरूर।

**वेंस ने पोप को उपहार में दी पुस्तकें :** मुलाकात के दौरान 2019 में कैथोलिक धर्म आपनाने वाले जेडी वेंस ने पोप को सेंट ऑगस्टिन की दो प्रसिद्ध पुस्तकें द सिटी ऑफ गॉड और ऑन क्रिश्चियन डॉक्ट्रिन भेंट कीं। इसके अलावा उन्होंने शिकागो बियर्स की एक टी-शर्ट भी दी, जिस पर एलईओ लिखा हुआ था। इसके जवाब में पोप लियो ने वेंस को एक कांस्य की मूर्ति दी जिस पर लिखा था कि शांति एक नाजुक फूल है। साथ ही पोप ने वेंस को पोप महल की तस्वीरों वाली एक किताब भी भेंट की। उन्होंने मजाक में यह भी कहा कि मैं इन कमरों में रह सकता हूं, लेकिन यह तय नहीं है।

**अन्य नेताओं से भी हुई मुलाकात :** बता दें कि वेंस के साथ बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल थे। बाद में दोनों नेताओं ने वेटिकन के विदेश मंत्री, आर्चबिशप पॉल गैलाघर से भी मुलाकात की। मामले में वेटिकन ने बयान में कहा कि बातचीत में अंतरराष्ट्रीय कानून, मानवीय मुद्दों और संघर्ष क्षेत्रों में शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर चर्चा हुई। इसके साथ ही व्हाइट हाउस ने बताया कि वेंस और गैलाघर के बीच धार्मिक स्वतंत्रता, ईसाइयों पर अत्याचार और यूक्रेन-मध्य पूर्व में हिंसा रोकने पर ट्रंप और पोप की साझा प्रतिबद्धता पर भी बात हुई।

यूक्रेन संकट पर शांति की उम्मीद गौरतलब है कि बीते रविवार को पोप लियो की औपचारिक पोंटिफिकेट मास के बाद वेंस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, ईयू प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयन और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से भी मुलाकात की। मेलोनी ने इस बैठक को एक नई शुरुआत बताया। शाम को मेलोनी ने राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं से फोन पर बातचीत की, जो कि सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से ट्रंप की संभावित बातचीत से पहले हुई।

## गृहयुद्ध के बीच सूडान को मिला नया पीएम, कामिल इदरीस संभालेंगे जिम्मेदारी; सेना प्रमुख ने किया नियुक्त



**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में दो साल से चल रही गृहयुद्ध के बाद पहली बार देश को नया प्रधानमंत्री मिला है। सोमवार को सेना प्रमुख जनरल अब्देल-फतह अल-बुरहान ने कामिल अल-तायब इदरीस को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कामिल इदरीस अब देश में अस्थायी सरकार बनाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब हाल ही में सेना ने राजधानी खार्तूम पर दोबारा नियंत्रण पा लिया और प्रतिद्वंदी अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) को बाहर कर दिया।

**पिछली सरकार से देश को नई उम्मीद :** बता दें कि पिछले प्रधानमंत्री अब्दल्ला हमदोक ने 2022 में राजनीतिक संकट और जन आंदोलन के बीच इस्तीफा दे दिया था। मामले में राजनीतिक विश्लेषक उस्मान मिर्घानी के मुताबिक कामिल इदरीस की नियुक्ति एक अहम कदम है जिससे देश में नागरिक सरकार की बहाली की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि कामिल इदरीस की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उनकी किसी राजनीतिक दल से कोई जुड़ाव नहीं है। इसलिए उन्हें ऋस्र्स्र समर्थकों सहित कई समुदायों की स्वीकृति मिल सकती है।

कौन हैं कामिल इदरीस? ध्यान रहे कि कामिल इदरीस पहले सूडान के संयुक्त राष्ट्र मिशन में कानूनी सलाहकार रह चुके हैं। वह संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय कानून आयोग के सदस्य भी हैं। अब देश और दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या इदरीस देश को शांति और स्थिरता की ओर ले जा पाएंगे। गौरतलब है कि सूडान में अप्रैल 2023 में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जब सेना और आरएसएफ सत्ता के लिए आपस में भिड़ गए। यह लड़ाई धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई। अब तक करीब 20,000 लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इतना ही नहीं अभीतक लगभग 1.3 करोड़ लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं, जिनमें से 40 लाख लोग दूसरे देशों में शरण ले चुके हैं। देश की आधी आबादी (लगभग 5 करोड़ में से) भुखमरी का सामना कर रही है।

## यूक्रेन में शांति के लिए बातचीत को तैयार, ट्रंप के साथ 2 घंटे तक चली फोन कॉल के बाद पुतिन का बड़ा बयान



**मास्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद बड़ा बयान दिया है। पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन में जंग को खत्म करने के लिए सही दिशा में काम कर रहे हैं। पुतिन ने यह भी कहा है कि रूस जंग को खत्म करने के लिए एक शांति समझौते को अमल में लाने के लिए यूक्रेन के साथ काम करने को तैयार है। दो घंटे से ज्यादा समय तक चली इस बातचीत के दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के बीच सीधी बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए ट्रंप का धन्यवाद भी किया है।

पुतिन ने ब्लैक सी रिसॉर्ट सोची के पास मीडिया से बातचीत करते हुए कहा से कहा, हम अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ सहमत हुए हैं कि रूस संभावित भविष्य के शांति समझौते पर यूक्रेनी पक्ष के साथ काम करने के लिए तैयार है। इस दौरान रूस संभावित समझौते की शर्तों और उसके समय को लेकर प्रस्ताव पेश करेगा। पुतिन ने उम्मीद जताया है कि अगर समझौते पर सहमति बन जाती है तो युद्धविराम हो सकता है। पुतिन ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच सीधी बातचीत यह विश्वास दिलाती है कि रूस संभवतः सही रास्ते पर हैं। पुतिन ने कहा, मैं यह बताना चाहूंगा कि कुल मिलाकर रूस की स्थिति स्पष्ट है। हमारे लिए मुख्य बात इस संकट के मूल कारणों को खत्म करना है। हमें बस शांति की ओर बढ़ने के सबसे प्रभावी तरीकों को निर्धारित करने की आवश्यकता है।

बातचीत अच्छी रही- ट्रंप वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन कॉल के बाद कहा है कि सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बातचीत बहुत अच्छी रही है और रूस तथा यूक्रेन युद्ध विराम और युद्ध को खत्म करने की दिशा में जल्द ही बातचीत शुरू करेंगे। ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में यह भी कहा है कि वेटिकन इस बातचीत की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

# तुम हमास को इनाम दो, हम ट्रंप के साथ, नेतन्याहू का कनाडा और ब्रिटेन पर करारा हमला



**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा में इजरायली फौज ने अब तक का सबसे बड़ा जमीनी ऑपरेशन शुरू किया है। साथ ही भुखमरी झेल रहे गाजावासियों के लिए राहत सामग्री खोलने का ऐलान भी कर दिया। इस बीच ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाई की आलोचना की है और अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। इस पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने इन देशों पर आरोप लगाया कि वे 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास के जनसंहार को इनाम दे रहे हैं और इजरायल को उसकी आत्मरक्षा के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं।

नेतन्याहू ने साफ किया है कि गाजा में अब इजरायल आर-पार के मूड में है और हमास को जड़ से खत्म करके ही मानेगा। उन्होंने राहत सामग्री के इस्तेमाल को भी सिर्फ गाजा के आम लोगों तक ही पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने फौज से सतर्क रहने को कहा कि भोजन सामग्री हमास के हाथ न लगे। इस बीच ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस ने गाजा में इजरायल के नए सैन्य ऑपरेशन की कड़ी आलोचना की है और इसे गाजा पर नया नरसंहार कहा है।

नेतन्याहू का पलटवार नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तीखा बयान जारी करते हुए कहा, हमसे यह कहना कि हमास के आतंकियों के नष्ट होने से पहले ही हम अपना अस्तित्व बचाने की इस रक्षात्मक लड़ाई को रोक दें और साथ ही फिलीस्तीन को राज्य का दर्जा दें - यह उन आतंकियों को बड़ा इनाम देने जैसा है, जिन्होंने 7 अक्टूबर को इज़रायल पर जनसंहार किया। यह बर्बरता और सभ्यता के बीच का युद्ध है। इज़रायल न्यायपूर्ण तरीक़ों से अपनी रक्षा करता रहेगा, जब तक कि 'पूर्ण विजय' नहीं मिलती। ट्रंप के विज़न को बताया समाधान नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विजन को स्वीकार करता है और सभी यूरोपीय देशों से अपील करता है कि वे भी उसे अपनाएं। उन्होंने युद्ध समाप्त करने के लिए चार शर्तें भी रखी हैं। जिसमें सभी बंधकों की रिहाई, हमास का आत्मसमर्पण, हमास नेतृत्व का निर्वासन और गाजा का पूर्ण निरस्त्रीकरण शामिल है। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि कोई भी देश इससे कम स्वीकार नहीं करेगा और इजरायल भी नहीं। नेतन्याहू ने याद दिलाया कि यह युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ, जब हमास के आतंकियों ने सीमा पार कर 1200 इज़रायली नागरिकों की हत्या की और 250 से अधिक को गाजा में बंधक बना लिया। यूरोपीय देशों की नाराजगी ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने सोमवार को संयुक्त बयान जारी कर इज़रायल की नई सैन्य मुहिम की आलोचना की, जो शनिवार से शुरू हुई है। उन्होंने गाजा में असहनीय मानवीय संकट, मानवीय सहायता पर रोक और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार पर गहरी चिंता जताई। तीनों देशों ने इज़रायल को चेतावनी दी कि यदि उसने कार्रवाई नहीं रोकी, तो अतिरिक्त कदम उठाए जा सकते हैं, जिनमें प्रतिबंध भी शामिल हैं।

# आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में गुरुवार को गुजरात टाइटंस की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला करेगी। टाइटंस की टीम पहले ही प्लेऑफ में पहुंच गयी है पर उसका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल कर शीर्ष दो टीमों में अपनी जगह बनाये रखना रहेगा। गुजरात के 18 अंक हैं और अभी वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं अन्य दो टीमों है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और पंजाब किंग्स के 17-17 अंक हैं। ऐसे में शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है। अगर गुजरात ये मैच जीत जाती है तो उसके 20 अंक हो जाएंगे और वह शीर्ष पर बनी रहेगी।

गुजरात की टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज शानदार फार्म में हैं। उसके बल्लेबाज बी साइ सुदर्शन के अलावा कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर जबरदस्त फार्म में हैं। सुदर्शन ऑरेंज कैप की दौड़ में पहले नंबर पर हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो उसके गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक सबसे अधिक विकेट लिए हैं और वह पर्पल कैप के दावेदार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज और स्पिनर बी साइ किशोर ने भी प्रभावी गेंदबाजी की है।

दूसरी ओर लखनऊ की टीम प्लेऑफ्स की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर किसी प्रकार लय हासिल करना रहेगा। टीम के कप्तान ऋषभ पंत अब तक असफल रहे हैं। टीम के बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है जिससे वह लगातार संघर्ष करती दिखी है। बल्लेबाजी में मिचेल मार्श, एडेन मार्करम और निकोलस पूरन ने ही रहन बनाये हैं। मध्यक्रम के असफल होने से उसके उम्मीद समाप्त हुई हैं। उसके गेंदबाज भी फिटनेस को लेकर परेशान रहे हैं। उसे इस मैच में अपने सफल स्पिनर दिग्वेश राठी के बिना ही उतरना होगा। राठी पर पिछले मैच में आचार संहित उल्लंघन के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगा दिय गया था।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटन्स-** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, शेरफेन रदरफोर्ड, निशांत सिद्धू, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, आर साई किशोर, जयंत यादव, करीम जनत, बी साई सुदर्शन, दासुन शनाका, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रिसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर सिंह बरार, इशांत शर्मा, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया और राशिद खान।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स-** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

# एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर




**मुम्बई (एजेंसी)।** बुकित जलील (मलेशिया) - एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं।

आज यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है।

भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया।

एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

# विराट अपने आक्रामक अंदाज से विरोधी टीमों पर दबाव बनाते हैं : शास्त्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने खेल और आक्रामक अंदाज से विरोध टीमों पर दबाव बना देते थे। शास्त्री जब भारतीय टीम के कोच थे। उसी दौरान विराट टीम के कप्तान थे। इस जोड़ी को मिलकर भारतीय क्रिकेट को आक्रामक और विजेता इकाई में बदलने के लिए जाना जाता है। शास्त्री ने कहा कि कोहली के काम करने का अंदाज उन्हें विश्व का सबसे फिट खिलाड़ी बनाता है। अपने जुनून से उन्होंनें भारतीय टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम में बदला है। वह मैदान पर केवल खेलने नहीं, बल्कि विरोधी टीम पर हावी होने और अपनी अगल शैली से भारतीय क्रिकेट के सबसे विशेष कप्तान बनने के लिए उतरते थे। कोहली हमेशा अपनी टीम के साथियों ही नहीं विरोधी टीम के खिलाड़ियों को सलाह देने के लिए भी हमेशा तैयार रहे थे। शास्त्री ने कहा कि कई बार उन्होंने दूसरी टीमो के खिलाड़ियों को भी विराट के पास आते देखा है। विपक्षी खिलाड़ी भी कोहली से सलाह लेने आते थे, और कोहली उत्साह से उनकी मदद करते थे।



शास्त्री ने कहा कि विराट की कार्यशैली का भारतीय टीम पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा। इसी कारण वह भारतीय टीम को विश्व क्रिकेट की सबसे फिट और शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम में बदलने में सफल रहे। वह विरोध टीमों के लिए डर का नाम थे पर अपने साथियों के लिए दोस्त और मार्गदर्शक। मैंने विपक्षी खिलाड़ियों को उनसे सलाह लेते देखा और विराट हमेशा मदद को तैयार रहते थे। मैंने उन्हें बेहतरीन बल्ले गिफ्ट करते देखा, क्योंकि वह असुरक्षित प्रतिस्पर्धी नहीं थे। शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिये। वह गावस्कर और तेंदुलकर के साथ भी ड्रेसिंग रूम साझा किया पर उन्हें विराट में कुछ अलग नजर आया। उन्होंने कहा कि मुझे तुलना पसंद नहीं। मैंने गावस्कर और तेंदुलकर के बारे में सवाल सुने। मैं उनके साथ खेला हूं पर कोहली को मैंने अलग रुख से देखा है। वह क्रिकेट खेलने नहीं बल्कि खेल और मैदान पर नियंत्रण करने के इरादे से उतरते थे। उन्होंने न केवल मैच जीते हैं बल्कि भारतीय क्रिकेट को नए सिरे से संवारा है।

# केकेआर ने अंतिम समय पर नियम बदले जाने पर सवाल उठाये

**मुंबई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 18 वें सत्र से बाहर होने के बाद मैच की टाइमिंग वाले नियम में बदलाव पर सवाल उठाये हैं। केकेआर प्रबंधन को कहाना है कि इससे उसने नुकसान पहुंचा है और वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी। केकेआर ने इस मामले में अपनी नाराजगी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से भी जाहिर की है। उसका कहना है कि बीसीसीआई ने प्लेइंग कंडीशन्स में एक बदलाव करते हुए मैच को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 60 मिनट दिए।




एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर इसी बदलाव की आलोचना की है। आईपीएल के सीओओ हेमांग अमीन को लिखे ई मेल में कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, अगर में सत्र के बीच में बदलाव जरुरी थे तो वे पहले किये जा सकते थे।

वेंकी का कहना था कि अगर ऐसा विस्तार पहले किया गया होता, तो 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द नहीं होता। उन्हें लगता है कि अतिरिक्त समय की वजह से पांच ओवर का खेल हो सकता था। केकेआर ने सीईओ ने कहा, जब आईपीएल दोबारा शुरु हुआ तो 17 मई को केकेआर और आरसीबी मैच में सभी को बारिश का अंदेशा था। उन्होंने कहा कि अब लागू किए जा रहे अतिरिक्त 120 मिनट कम से कम 5 ओवर के खेल का मौका भी हमने खो दिया।

बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से केकेआर की टीम मुकाबले से बाहर हो गई। फिलहाल वे 13 मैचों में 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं और वे अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। इस सत्र उनके दो मैच बारिश के कारण रद्द हुए हैं। मैसूर ने आगे कहा, बारिश के कारण केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना समाप्त हो गई। साथ ही कहा कि इस तरह के अचानक लिए फैसले और उन्हें लागू करने में एकरुपता की कमी इस स्तर के टूर्नामेंट के लिए सहित नहीं है। मुझे भरोसा है कि आप भी समझते होंगे कि हम क्यों दुखी हैं। सिर्फ केकेआर ही नहीं, बल्कि कुछ अन्य टीमें भी इस नियम के लागू होने से खुश नहीं हैं क्योंकि नियमों में ये बदलाव उस समय हुआ, जब 70 में से 62 लीग मैच खेले जा चुके थे।

## कुलदीप यादव ने पूरी की 100 आईपीएल विकेट, बनाया यह रिकॉर्ड




खेल डैस्क । दिल्ली कैपिटल्स के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने आईपीएल 2025 में एक और मील का पत्थर हासिल कर लिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुलदीप ने अपने आईपीएल करियर का 100वां विकेट लिया। यह उपलब्धि उन्हें भारत के सबसे प्रभावशाली स्पिनरों में से एक के रूप में और मजबूत करती है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस रोमांचक मुकाबले में कुलदीप ने 6.4वें ओवर में रयान रिकेल्टन को आउट कर अपने 100 विकेट पूरे किए। इस समय मुंबई का स्कोर 58/3 था, और कुलदीप की यह गेंद दिल्ली को मैच में वापस लाने में महत्वपूर्ण रही। उनकी चतुराई भरी गेंदबाजी ने रिकेल्टन को चकमा दिया, जिसके बाद वह पवेलियन लौटे। यह विकेट कुलदीप के लिए खास था, क्योंकि वह इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं और पहले ही कई बार अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को परेशान कर चुके हैं।

## प्रो कबड्डी लीग नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेश खिलाड़ी शामिल, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर

ढाका । भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बंगलादेश का कबड्डी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बंगलादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। PKL नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बंगलादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में 6 बंगलादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं - मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन।

# रोहित को खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैड ले जाना चाहती थी बीसीसीआई


मुम्बई। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के इंग्लैड दौरे से ठीक पहले टेस्ट प्रारुप से अचानक संन्यास लेने के बाद ही उनके प्रशंसक हैंरान हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित को स्पष्ट रुप से बता दिया था कि वह भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं हैं और उन्हें केवल एक खिलाड़ी के तौर पर रखा जा सकता है। वहीं दूसरी और रोहित कप्तान रहते हुए टेस्ट सीरीज के बीच में संन्यास की घोषणा करना चाहते थे पर बीसीसीआई इसके लिए तैयार नहीं थी। रोहित इंग्लैंड दौरे पर जाना चाहते थे। वह पूर्व कपतान महेंद्र सिंह धोनी की तरह संन्या लेना चाहते थे पर जब बीसीसीसी ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया तो उनके पास संन्यास के अलावा को और विकल्प नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शर्मा अगले धोनी ने साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ही सीरीज के बीच में टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। का ऐलान किया था। हालांकि, बीसीसीआई ने रोहित शर्मा के धोनी जैसे रिटायरमेंट के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता सीरीज के दौरान निरंतरता चाहते थे। इसलिए उन्होंने रोहित से कहा कि उन्हें खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैंड दौरे पर भेजा जा सकता है पर कप्तान के तौर पर नहीं। इसी के बाद ही रोहित ने टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी। रोहित ने अपने करियर के दौरान 67 टेस्ट मैच की 116 पारियों में 40.57 की औसत से कुल 4301 रन बनाए। इसमें उनके 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने इससे पहले टी-20 विश्वकप में जीत के साथ ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया था। अब वह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलेंगे।



# जिम्बाब्वे 22 साल बाद टेस्ट वापसी के लिए तैयार, इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में होगा एकमात्र मैच

**नॉटिंघम (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे 22 साल के लंबे अंतराल के बाद इंग्लैंड पर टेस्ट मैच खेलेगा। वह 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में बेन स्टोक्स की टीम से एकमात्र मैच खेलेगा। इंग्लैंड नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत फ्रंट फुट पर करना चाहेगा, जबकि जिम्बाब्वे हाल ही में बांग्लादेश में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जीत के साथ इंग्लैंड में वापसी का जश्न मनाने की उम्मीद करेगा।

जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2003 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। इससे पहले दोनों टीमें सन् 2000 (इंग्लैंड ने 1-0 से जीत हासिल की) और 1996-97 में रेड-बॉल फॉर्मेट में भिड़े थे, जहां सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुई थी। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण में तेज गेंदबाज सैम कुक को शामिल किया गया है, जिन्होंने काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन और इंग्लैंड लायंस के साथ हाल ही में मिली सफलता के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेला है।




नॉटिंघमशायर के तेज गेंदबाज जोश टंग भी 2023 में एशेज में खेलने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। बेन स्टोक्स शीर्ष क्रम के नियमित खिलाड़ियों बेन डकेट, जो रूट, ओली पोप और हैरी ब्रूक की अगुवाई वाली टीम की अगुआई करेंगे जबकि होनहार प्रतिभाएं जेम्स रेव, जेमी स्मिथ और शोएब बशीर अपने मौके भुनाने की कोशिश करेंगे।

जिम्बाब्वे के लिए स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा टीम में शामिल हो गए हैं जबकि क्लाइव मदंडे बैकअप विकेटकीपर के रूप में लौटे हैं। तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी ने लेग स्पिनर विंसेंट मासेकसा की जगह ली है जिससे जिम्बाब्वे को इंग्लैंड की तेज पिचों का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। अनुभवी क्रेग एर्विन की अगुआई में जिम्बाब्वे की टीम सीन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर करेगी जो उभरती प्रतिभाओं के साथ इंग्लैंड में दो दशकों से अधिक समय से चल रहे टेस्ट मैच में प्रभाव छोड़ने का लक्ष्य रखेंगे।

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी कम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।'' हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने कहा कि दीपिका सहित इससे हमारी टीम की सभी खिलाड़ियों के कोशल में सुधार आया है। इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए।

# हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है : भारतीय फुटबॉल के मुख्य कोच मार्केज



कोलकाता । एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के गोलरहित ड्रॉ खेलने से निराश मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अगर उनकी टीम को महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें बहुत सुधार करने की जरूरत है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। भारतीय टीम को अपना दूसरा मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है। टीम ने सोमवार को अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए मार्केज ने कहा कि हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है क्योंकि मुझे लगा कि टीम पिछले सत्र को छोड़कर हर फीफा विंडो में आगे बढ़ रही थी। उन्होंने कहा कि यह सच है कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए हमें कुछ अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिली। लेकिन हम अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हमें इस बात से अवगत होना चाहिए कि हांगकांग में हमारा मैच काफी चुनौतीपूर्ण होगा। हमारे पास तैयारी करने और जीत कर तीन अंक हासिल करने की कोशिश करने का समय है। भारत को 2027 एशियाई कप क्वालीफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है। घरेलू और दूसरे टीम के घर में कुल छह मैच खेलने के बाद केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए क्वालीफाई करती है। सिंगापुर और हांगकांग ने भी अपना शुरूआती मैच गोलरहित ड्रॉ खेला था। ऐसे में अंक तालिका में सभी टीमें बराबरी पर है। सिंगापुर 10 जून को बांग्लादेश का सामना करने के लिए ढाका की यात्रा करेगा।

# पीसीबी ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आजम, रिजवान और शाहीन को शामिल नहीं किया

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। हैरानी की बात है कि इस 16 सदस्यीय टीम में तीन स्टार खिलाड़ियों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को शामिल नहीं किया गया है। इस टीम की कप्तानी सलमान अली आगा को दी गयी है। तीन मैचों की टी20 सीरीज लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेली जाएगी। सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा अभी होनी है। पीसीबी ने बताया कि टीम का चयन मौजूदा पीएसएल 2025 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। नये कोच माइक हेसन के मार्गदर्शन में पहली बार पाक टीम उतरेगी। इस सीरीज से चोट से उबरने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सैम अयूब वापसी करेंगे। सैम ने अंतिम बार पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2024 में खेला था। उस मैच में उन्होंने शतक लगाया था पर इसके बाद वह चोटिल होने के कारण क्रिकेट से दूर हो गये थे। हालांकि, अब उनके आने से शीर्ष क्रम बेहतर होगा। इस दौरे के लिए अभी तक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टीम की घोषणा नहीं की है। उसका कहना है कि वह पाक के सुरक्षा हालातों पर नजर रखे हुए हैं।

पाक टीम इस प्रकार है - सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर) और सैम अयूब।

# शतक लगाने के बाद 4 दिन मोबाइल बंद रखा, देखा तो 500 मिस्ड कॉल थीं: वैभव सूर्यवंशी



**लखनऊ (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने खुलासा किया कि आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ शतक लगाने के बाद उन्हें 500 से ज्यादा मिस्ड कॉल मिले। उन्होंने दिल्ली में चेन्नई सुपर किंग्स पर 6 विकेट की जीत के बाद राजस्थान के हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत के दौरान यह खुलासा किया। राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वह पॉइंट टेबल में सबसे नीचे पायदान पर है। राजस्थान रॉयल्स ने 2025 आईपीएल नीलामी में वैभव सूर्यवंशी को ?1.1 करोड़ में खरीदा। वह शुरूआती मैचों में खेल नहीं पाया। फिर जब सैमसन चोटिल हुए तो उन्हें खेलने का मौका मिला।

सूर्यवंशी ने अपने तीसरे ही आईपीएल मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ़ 38 गेंदों पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेली। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने सिर्फ 35 गेंदों में आईपीएल शतक बनाने वाले सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी बन गए। बहरहाल, कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि सूर्यवंशी ने उन्हें बताया कि उस दिन (शतक) उन्हें 500 से ज्यादा मिस्ड कॉल मिले। सूर्यवंशी ने कहा कि मुझे 500 से ज़्यादा मिस्ड कॉल मिले, लेकिन मैंने अपना फोन बंद रखा था। मेरे शतक बनाने के बाद बहुत से लोग संपर्क कर रहे थे। लेकिन मुझे यह (बहुत ज्यादा लोगों का होना) पसंद नहीं है। मैं दूर रहने की कोशिश करता हूं। मैंने अपना फोन 4 दिनों तक बंद रखा था; मैंने आपको बताया था। मुझे घर पर अपने लोगों और कुछ दोस्तों के साथ रहना पसंद है। बस इतना ही।

राहुल द्रविड़ ने आईपीएल में अपने पहले सीजन के लिए वैभव सूर्यवंशी की सराहना की। द्रविड़ ने 14 वर्षीय वैभव को कड़ी ट्रेनिंग करने और अपने खेल को विकसित करने की सलाह दी, साथ ही चेतावनी दी कि गेंदबाज उनका बारीकी से अध्ययन करेंगे और अगले सीजन में बेहतर तरीके से तैयार होकर लौटेंगे। द्रविड़ ने कहा कि यह एक शानदार सीजन था। आपने जो किया, उसे करते रहें, अच्छा खेलें, अच्छी ट्रेनिंग करें। लेकिन यह ध्यान रखें कि अगले साल, ये सभी गेंदबाज आपके खिलाफ ज्यादा तैयार होकर आएंगे। इसलिए हमें भी तैयारी करनी होगी, कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और ज्यादा कौशल विकसित करने होंगे। बढ़िया काम किया। राजस्थान रॉयल्स ने 14 मैचों में सिर्फ 4 जीत हासिल की।



## सोने और चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। इनके वायदा भाव में भी आज तेजी रही। दोनों के वायदा भाव आज बढ़त के साथ खुले। घरेलू बाजार में आज सोने के भाव 95,450 रुपये जबकि चांदी के भाव 97,500 रुपये के करीब रहे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज सुबह तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एक्सचेंज ) पर आज सुबह सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 503 रुपये के उछाल के साथ ही 95,344 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 94,841 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 610 रुपये की तेजी के साथ 95,451 रुपये के भाव पर बना हुआ था। ये 95,526 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 94,344 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 99,358 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर हासिल किया था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध आज 159 रुपये बढ़कर97,447 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,288 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 248 रुपये की तेजी के साथ 97,536 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। ये 97,644 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 97,447 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। वहीं चांदी के वायदा भाव 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर शीर्ष स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने और चांदी के वायदा भाव के भाव में तेजी रही है। कामेक्स पर सोना 3,293 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,284.60 डॉलर प्रति औंस था। एक समय ये 24.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,308.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर पहुंचे थे। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.27 डॉलर के भाव पर खुले, इसक पिछला बंद भाव 33.17 डॉलर था।

## आईकोनिया टैब वी11 और वी12 टैबलेट में मिलेंगे दमदार फीचर्स

**नई दिल्ली।**

टैबलेट्स बनाने वाली कंपनी एसर ने अपने नए आईकोनिया टैबलेट्स वी11 और वी12 को पेश किया है, जिसको लेकर दावा किया जा रहा है कि इन टैबलेट्स को फुल चार्ज करने पर 10 घंटे तक उपयोग किया जा सकता है। टैबलेट्स में 8जीबी डीडीआर4 रैम तक की सुविधा भी मौजूद है। वी12 मॉडल में 11.97 इंच का 2के डिस्प्ले है जबकि वी11 में 10.92 इंच का 2के डिस्प्ले मिलता है। दोनों टैबलेट्स की स्क्रीन 90एचझेड रिफ्रेश रेट वाली एलसीडी है, जो स्मूद विजुअल एक्सपीरियंस देती है। डिजाइन में ये दोनों टैबलेट्स 7.9 मिमी पतले हैं, जिससे इन्हें पकड़ना और कहीं भी ले जाना आसान है। दोनों में मीडियाटेक हीलियो जी99 प्रोसेसर दिया गया है जो बेहतर परफॉर्मेंस के लिए सक्षम है। कैमरे की बात करें तो दोनों टैबलेट्स में 5 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा और फ्लैश के साथ 8 मेगापिक्सल का ऑटोफोकस रियर कैमरा दिया गया है। ये टैबलेट्स एंड्राएड 15 ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलते हैं। वी12 का वजन 595 ग्राम है जबकि वी11 हल्का होकर 500 ग्राम का है। कीमत की बात करें तो असेर आईकोनिया टेब वी11 यूरोप, मिडिल-ईस्ट और अफ्रीका में लगभग 21,815 रुपये (229 यूरो) में उपलब्ध होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया में इसकी कीमत करीब 18,000 रुपये (329 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) होगी। इसकी बिक्री अगस्त से शुरू होगी। वहीं, आईकोनिया टेब वी 12 की कीमत यूरोप, मिडिल-ईस्ट और अफ्रीका में 27,535 रुपये (289 यूरो) और ऑस्ट्रेलिया में 23,475 रुपये (429 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) के आसपास रखी गई है, जिसकी बिक्री जुलाई में शुरू होगी। दोनों मॉडल्स में दमदार साउंड के लिए स्टीरियो स्पीकर लगे हुए हैं और स्टोरेज माइक्रो एसडी कार्ड की मदद से 1टीबी तक बढ़ाया जा सकता है।

# अगले पांच साल तक टेस्ला के सीईओ बने रहेंगे एलन मस्क

**नई दिल्ली।**

दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच साल तक टेस्ला के सीईओ बने रहेंगे इसके लिए वह पूरी तरह से कमिटेड हैं। मस्क से यह बात ऐसे समय की जब टेस्ला को कंज्यूमर और स्टॉक प्राइस दोनों की तरफ से भारी प्रेशर झेलना पड़ रहा है, खासकर मस्क की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गवर्नमेंट के साथ काम करने को लेकर।

एलन मस्क हाल ही में ट्रंप के मिडल ईस्ट दौरे के दौरान दोहा गए थे। स्पेसएक्स और स्टारलिंक के चीफ मस्क ने इस दौरान बहुत कम शब्दों में सवालों के जवाब दिए थे और अपने बिज़नेस और पॉलिटिक्स से जुड़े सवालों पर गुस्से में नजर आए थे। एक इंटरव्यू में एलन मस्क से पूछा गया कि क्या वह खुद को अगले पांच सालों तक टेस्ला के चीफ एग्जीक्यूटिव के तौर पर देखते हैं और क्या वह इसके लिए कमिटेड हैं। इस पर मस्क ने जवाब दिया ÷हां÷। जब दोबारा सवाल किया कि क्या इसमें कोई शक नहीं है, तो मस्क हंसते हुए बोले- अगर मैं मर न जाऊं, तो मैं यहीं रहूंगा।÷ हाल ही में मस्क पर तब से काफी दबाव रहा है जब वह ट्रम्प के साथ मिलकर अमेरिका की सरकार के एक प्रयास ÷डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी÷ में शामिल हुए।

इस दौरान अमेरिका की फेडरल गवर्नमेंट में बड़े स्तर पर कटौती की जा रही थी, जिससे टेस्ला भी प्रभावित है। जब मस्क से पूछा गया कि क्या इन सब चीजों ने उन्हें पॉलिटिक्स में शामिल होने के फैसले पर दोबारा सोचने पर मजबूर किया है, तो वह थोड़ी देर चुप रहे और कैमरे से दूर देखने लगे। फिर कुछ पल बाद उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैंने वही किया जो ज़रूरी था। मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जिसने कभी हिंसा की हो, लेकिन मेरी कंपनियों पर बहुत बड़ी हिंसा की गई और मुझ पर भी सीधी धमकियां दी गईं।



मस्क ने आगे कहा कि चिंता मत करो, हम आ रहे हैं तुम्हारे लिए। मस्क को टेस्ला की एक पे पैकेज मिलने वाला था, जिसकी वैल्यू कभी 56 बिलियन डॉलर थी, लेकिन डेलावेयर की एक जज ने उस डील पर रोक लगा दी। मस्क ने उस जज को एक एक्टिविस्ट जो जज की हैलोवीन कॉस्ट्यूम में एक्टिंग कर रही हैं कहकर आलोचना की।

## भारत वैश्विक व्यापार के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में

**नई दिल्ली।**

भारत, अमेरिकी शुल्क एवं वैश्विक व्यापार व्यवधानों के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि घरेलू वृद्धि चालक और निर्यात पर कम निर्भरता अर्थव्यवस्था को सहारा दे रही है। रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि निजी खपत को बढ़ावा देने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने की सरकारी पहल से वैश्विक मांग के कमजोर होते परिदृश्य की भरपाई करने में मदद मिलेगी। मुद्रास्फीति में कमी से ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनती है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक समर्थन मिलेगा, साथ ही बैंकिंग क्षेत्र में नगदी से ऋण देने में सुविधा होगी। मीडिया रिपोर्ट में रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत कई अन्य उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिकी शुल्क और वैश्विक व्यापार व्यवधानों से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है, जिसे मजबूत आंतरिक वृद्धि कारकों, बड़ी घरेलू अर्थव्यवस्था एवं माल व्यापार पर कम निर्भरता से बल मिलता है। रेटिंग एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में 2025 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत के अपने आर्थिक वृद्धि अनुमानों को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था। अमेरिका के शुल्क दरों में बढ़ोतरी की घोषणा से उत्पन्न स्थितियों के बाद एजेंसी ने अनुमानों में बदलाव किया।

## केंद्र सरकार दो बैंकों के एमडी और सीईओ का बढ़ा सकती है कार्यकाल

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार जल्द ही पंजाब एंड सिंध बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर की टर्म को बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट में एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि दोनों बैंकों के टॉप अफसरों की सर्विस एक्सटेंशन करीब फाइनल स्टेज में है। पंजाब एंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ स्वरूप कुमार साहा का मौजूदा टर्म 2 जून को खत्म हो रहा है, जबकि आईओबी के अजय कुमार श्रीवास्तव का टर्म 31 दिसंबर को खत्म होगा।रिपोर्ट में सरकारी सूत्र के हवाले से बताया कि दोनों के पास करीब दो साल की सर्विस बाकी है। उनके कार्यकाल को एक्सटेंड करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और फाइनल नोटिफिकेशन जल्द जारी होगा।स्वरूप कुमार साहा ने 3 जून 2022 को पंजाब एंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में चार्ज लिया था। इससे पहले वह पंजाब नेशनल बैंक में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। साहा ने अपनी बैंकिंग जर्नी 1990 में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से शुरू की थी। उन्हें ट्रेजरी, इंटरनेशनल बैंकिंग और रिस्क मैनेजमेंट में 30 साल से ज्यादा का अनुभव है। वहीं अजय कुमार श्रीवास्तव ने 1 जनवरी 2023 से अपनी नई पोस्ट संभाली थी। उन्होंने अपनी बैंकिंग की शुरुआत 1991 में इलाहाबाद बैंक में प्रोबेटनरी ऑफिसर के तौर पर की थी। वहां उन्होंने 27 साल से ज्यादा काम किया और फिर अक्टूबर 2017 में इंडियन ओवरसीज बैंक जॉइन कर लिया था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे अंकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान रियल्टी और फार्मा, वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला । दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.51फीसदी तकरीबन 410 अंक बढ़कर 81,597 पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स 81,328 पर खुला और ये दिन भर के कारोबार के दौरान 82,022 के उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद फिसल गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 0.52 फीसदी तकरीबन 130 अंक उछलकर 24,813 पर बंद हुआ।

बाजार जानकारों के अनुसार ये तेजी खरीदारी हावी होने के साथ ही शॉर्ट कवरिंग और भारत को लेकर मूडीज की रिपोर्ट से भी आया। ब्रॉडर मार्केट में खरीदारी से भी बाजार को बल मिला। इसके अलावा आज रियल्टी और फार्मा में अच्छी तेजी भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा। दोनों इंडेक्स 1फीसदी से ज्यादा ऊपर आये। डीएलएफ , गोदरेज प्रॉपर्टीज, मैक्रोटेक डेवलपर्स सभी के शेयरों में बढ़त रही। इसके अलावा रेलवे, डिफेंस और सरकारी कंपनियों के शेयरों में भी उछाला आया।। मिडकैप 0.78 फीसदी और स्मॉलकैप 0.38 फीसदी बढ़ा।

आज कारोबार के दौरान टाटा स्टील, बीईएल ,सिप्ला ,एचडीएफसी लाइफ के शेयर उछले जबकि कोटक महिंद्रा बैंक , ग्रासिम इंडस्ट्रीज , इंडसइंड बैंक और जएसडब्यू के शेयर गिरे। इससे पहले आज सुबह बाजार सुबह तेजी से खुला। बीएसई सेंसेक्स 140 अंक ऊपर आकर 81,327.61 पर खुला। सुबह ये 803.97 अंक करीब 0.99




फीसदी की बढ़त लेकर 81,990.41 पर था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। इंडसइंड बैंक के शेयरों में ही गिरावट थी। वहीं का निफ़्टी बढ़त के साथ ही 24,744.25 अंक पर खुला। सुबह यह 253.50 अंक तकरीबन 1.03 फीसदी की बढ़त के साथ ही 24,937.40 पर कामकाज कर रहा था। निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.83 फीसदी और 0.63 फीसदी ऊपर थे।


सेक्टरोल मोर्चे पर रुझान मिला-जुला रहा। निफ्टी आईटी में 0.4 फीसदी की गिरावट आई, जबकि निफ्टी फार्मा इंडेक्स में 1.4 फीसदी की बढ़त रही। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ।

वहीं इससे पहले एशियाई बाजारों में बुधवार को तेजी रही। जबकि वॉल स्ट्रीट पर छह दिन से चल रहा बढ़त का सिलसिला समाप्त हो गया। जापान का निक्केई इंडेक्स सपाट कारोबार कर रहा था। जबकि ब्रोडर टॉपिक्स इंडेक्स 0.27 फीसदी बढ़ा। कोस्पी में 1.14 फीसदी की तेजी आई और एएसएक्स 200 में 0.6 फीसदी की तेजी आई। वॉल स्ट्रीट पर एसएंडपी 500 में 0.39 फीसदी की गिरावट रही।

# जेमिनी एप ने 400 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा छू लिया : पिचाई

**मुंबई।**

गूगल और उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने बताया कि जेमिनी एप ने 400 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा छू लिया है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से एआई मॉडल की 2.5 सीरीज को लेकर उल्लेखनीय वृद्धि और उपयोगकर्ता जुड़ाव साफ दिख रहा है। इस तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को कंपनी की एआई रणनीति की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पिचाई ने कहा कि सात मिलियन से अधिक डेवलपर्स जेमिनी के साथ काम कर रहे हैं, जो बीते साल की तुलना में पांच गुना अधिक है और वर्टेक्स एआई पर जेमिनी का इस्तेमाल 40 गुना बढ़ गया है। उन्होंने बताया, जेमिनी एप में 2.5 प्रो का इस्तेमाल करने वालों को लेकर उपयोग में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिचाई ने कहा, पिछले साल इस समय हम अपने प्रोडक्ट्स और एपीआई में प्रति माह 9.7 ट्रिलियन टोकन प्रॉसेस कर रहे थे। अब, हम 480 ट्रिलियन से अधिक टोकन प्रॉसेस कर रहे हैं, जो कि 50 गुना अधिक है। उन्होंने कहा, इस प्रगति का मतलब है कि हम एआई प्लेटफॉर्म शिफ्ट के एक नए फेज में हैं, जहां दशकों से की जा रही रिसर्च दुनिया भर के लोगों, व्यवसायों और कम्युनिटीज के लिए हकीकत बन रही है। बीते साल लांच होने के बाद से एआई ओवरव्यूज 1.5 बिलियन से ज्यादा यूजर्स तक पहुंच गया है और अब 200 देशों और क्षेत्रों में है। गूगल सीईओ पिचाई ने बताया, गूगल के एआई ओवरव्यूज अमेरिका और भारत जैसे बड़े बाजारों में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि कर रहे हैं। यह वृद्धि समय के साथ और बढ़ने की उम्मीद है। गूगल ने एआई मोड के रूप में सर्च अनुभव को पूरी तरह नया




रूप देने की घोषणा की है। यह मोड अधिक उन्नत तर्क क्षमता प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता लंबे और जटिल प्रश्न पूछ सकते हैं। शुरुआती परीक्षणों में पाया गया कि उपयोगकर्ता पारंपरिक सर्च की तुलना में 2 से 3 गुना लंबे सवाल कर रहे हैं। पिचाई ने कहा, मुझे ये बताकर खुशी हो रही है कि एआई मोड की सुविधा अमेरिका में सभी यूजर्स के लिए शुरू हो चुकी है।

## अब चेक बाउंस हुआ तो जाना होगा जेल, दो गुना जुर्माना भी लगेगा

**नई दिल्ली।** चेक से लेन-देन करने वाले हो जाएं होशियार। देशभर में बढ़ते चेक बाउंस मामलों को देखते हुए सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से नए और सख्त नियम लागू कर दिए हैं। इनका मकसद वित्तीय धोखाधड़ी पर शिकंजा कसना है, लेन-देन में पारदर्शिता लाना और शिकायतों का निपटारा करना है। अब अगर कोई जानबूझकर चेक बाउंस करता है, तो उसे दो साल जेल में काटने होंगे। साथ ही, दोषी व्यक्ति को चेक की रकम के दोगुने तक जुर्माना भी भरना होगा। बता दें पहले शिकायत दर्ज करने की समयसीमा सिर्फ एक महीना थी, जिसे अब बढ़ाकर तीन महीने कर दिया है। इसके अलावा अब चेक बाउंस की शिकायत ऑनलाइन की जा सकेगी और ईमेल या एसएमएस जैसे डिजिटल सबूतों को भी कोर्ट में मान्यता मिलेगी। बैंक के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि चेक बाउंस होने पर 24 घंटे के अंदर खाताधारक और चेक प्राप्तकर्ता दोनों को एसएमएस और ईमेल के जरिए सूचित करें। यदि किसी ग्राहक का चेक लगातार तीन बार बाउंस होता है, तो उसका खाता अस्थायी रूप से फ्रीज किया जा सकता है। इससे बचने के लिए खाते में पर्याप्त राशि रखें, चेक भरते समय सावधानी बरतें और भुगतान में देरी हो तो लाभार्थी को पहले से सूचित करें। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत चेक बाउंस एक दंडनीय अपराध है। दोषी को कोर्ट फीस, वकील की फीस और बैंक द्वारा 100 से 750 तक का जुर्माना भी भरना पड़ सकता है।

# पाकिस्तानी ड्रोन को तबाह करने वाले आकाशतीर बनाने वाली कंपनी पर फिदा हुए बाजार जानकार


### कई ब्रोकरेज हाउस ने दी ओवरवेट रेटिंग

**मुंबई।**

भारत-पाक तनाव में पाकिस्तानी ड्रोन को स्वदेशी आकाशतीर सिस्टम ने बर्बाद कर दिया। आकाशतीर को नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने बनाया है। बाजार जानकार कंपनी के शेयरों पर बुलिश हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बुधवार को 4 प्रतिशत से अधिक के उछाल के साथ 379.90 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। बाजार जानकारों का कहना है कि डिफेंस कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने बताया कि क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) को छोड़कर नए वित्त वर्ष में ऑर्डर इनफ्लो 27,000 करोड़ रुपये पहुंच सकता है। वहीं, अगर क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) ऑर्डर इसी साल मिलने पर आंकड़ा 57,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। नवरत्न कंपनी के मैनेजमेंट को इस साल 15 प्रतिशत रेवेन्यू ग्रोथ और 27 प्रतिशत के इबिट्डा मार्जिन की उम्मीद है।

ब्रोकरेज हाउस ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों को ओवरवेट रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 445 रुपये का प्राइस टारगेट तय किया है। इस ब्रोकरेज हाउस ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों



पर सबसे ज्यादा टारगेट दिया है। एक अन्य ब्रोकरेज हाउस ने भी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों पर ओवरवेट रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों का टारगेट प्राइस रिवाइज्ड करके 418 रुपये कर दिया है।

# 'महिला सम्मान बचत पत्र' योजना महिलाओं को बनाएगी आत्मनिर्भर

### एक मुश्त निवेश करने पर मिलेगा भरपूर ब्याज, अवधि है दो साल

**नई दिल्ली।**

अगर आप अपनी बचत पर सुरक्षित और बेहतर रिटर्न चाहते हैं, तो केंद्र सरकार की 'महिला सम्मान बचत पत्र' योजना शानदार विकल्प है। यह एक अल्पकालिक यानी शॉर्ट टर्म बचत योजना है, जिसे खासतौर पर महिलाओं की वित्तीय जरूरतों और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। इस योजना में महिलाएं अधिकतम 2 लाख रुपए तक का निवेश एकमुश्त कर सकती हैं, जिसकी अवधि 2 साल की होती है। इसमें 7.5 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है। इस योजना के तहत खाता किसी भी नजदीकी पोस्ट ऑफिस या अधिकृत बैंक शाखा में खोला जा सकता है।

इस योजना में अगर कोई महिला दो लाख रुपए का निवेश करती है, तो दो साल की अवधि में उसे कुल 32,044 का ब्याज मिलेगा यानी मैच्योरिटी पर उसे कुल 2,32,044 रुपए मिलेंगे। यह रिटर्न पूरी तरह सुरक्षित और सरकार द्वारा गारंटीड होता है। महिला सम्मान बचत पत्र योजना न केवल एक अच्छा निवेश है, बल्कि यह महिलाओं को वित्तीय रूप से जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कम जोखिम में बेहतर मुनाफा



पाने की चाह रखने वाली महिलाओं के लिए यह योजना फायदेमंद साबित हो सकती है।

## भारत में करीब आधी से ज्यादा गाड़ियों का इंश्योरेंस नहीं : सुब्रमण्यन




**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी जनरल इंश्योरेंस कंपनी न्यू इंडिया इंश्योरेंस की चेयरमैन और एमडी गिरिजा सुब्रमण्यन ने बताया कि भारत में करीब आधी से ज्यादा गाड़ियां बिना इंश्योरेंस के सड़क पर दौड़ रही हैं। एमडी के अनुसार, केवल 52 प्रतिशत वाहन ही सही तरीके से इंश्योरेंस करवा रहे हैं। हालांकि पूरा डेटा उपलब्ध होने के बावजूद, इन वाहनों के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं होती है। सुब्रमण्यन ने थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस के प्रीमियम बढ़ाने की जरूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट से मिलने वाले मुआवजे की राशि महंगाई के हिसाब से बढ़ रही है लेकिन बीते कई वर्षों से प्रीमियम दरें स्थिर हैं।

इसलिए, इंश्योरेंस कंपनियां प्रीमियम बढ़ाने की मांग कर रही हैं ताकि वे बेहतर मुआवजा दे सकें। दरअसल जुलाई 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने लंबी अवधि के मोटर थर्ड पार्टी इंश्योरेंस कवर को अनिवार्य कर दिया था ताकि सड़क पर बिना बीमा गाड़ियों की संख्या कम हो। आईआरडीएआई ने भी सभी नई कारों के लिए तीन साल और नई दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का थर्ड पार्टी कवर अनिवार्य किया।

लेकिन वास्तविकता में, रजिस्टर हुई गाड़ियों के मुकाबले इंश्योरेंस पॉलिसी कम हैं, यानी बहुत से वाहन मालिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।फिलहाल कंपनी का अधिकतर इंश्योरेंस कमर्शियल वाहनों पर है, जिसमें क्लेम ज्यादा आते हैं। अब कंपनी निजी कारों और दोपहिया वाहनों के इंश्योरेंस पर भी ध्यान देना चाहती है, हालांकि इस सेगमेंट में कमीशन का खर्च अधिक है। उन्होंने बताया कि न्यू इंडिया इंश्योरेंस अपनी डिजिटल उपस्थिति भी बढ़ा रही है।

कंपनी ऑनलाइन एग्रीगेटर और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म के साथ काम कर रही है, ताकि इंश्योरेंस खरीदना और भी आसान हो सके। हालांकि अभी तक इसका प्रभाव सीमित है, लेकिन कंपनी इसमें सुधार के लिए काम कर रही है।

## क्यू-4 एलआईसी हाउसिंग फायनेंस को इस साल हुआ 5,430 करोड़ का लाभ

**नई दिल्ली।**

क्यू-4 एलआईसी हाउसिंग फायनेंस ने वित्त वर्ष 2024-25 और चौथी तिमाही के लिए मुनाफा बढ़ाने में सफलता हासिल की है। क्यू4 2025 में कंपनी का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 25 फीसदी से बढ़कर 1,370 करोड़ रूपए हो गया है। वहीं पूरे साल का मुनाफा 5,430 करोड़ रुपए का रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 14 फीसदी ज्यादा है। जहां मुनाफा बढ़ा है, वहीं नेट ऑपरेटिंग इनकम में 3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह 2,170 करोड़ रही। हालांकि, बेहतर लिक्विडिटी मैनेजमेंट और प्राइम लेंडिंग रेट (पीएलआर) में 10 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी के चलते नेट इंटरेस्ट मार्जिन में तिमाही आधार पर 15 बेसिस पॉइंट का सुधार हुआ, लेकिन यह पीएलआर बढ़ोतरी बाद में 2026 की पहली तिमाही में वापस ले ली गई। कंपनी को फीस और अन्य स्रोतों से 160 करोड़ रुपए की आय हुई, जो पिछले साल के मुकाबले 240 फीसदी ज्यादा है। यह बढ़त पुराने डूबे हुए खातों से रिकवरी के कारण हुई है। वहीं, कंपनी का ऑपरेटिंग खर्च 18 फीसदी बढ़कर 450 करोड़ रहा है, जिससे कॉस्ट-इनकम रेशियो बढ़कर 19.4 फीसदी हो गया। इन खर्चों के चलते प्री-प्रोविजन ऑपरेटिंग प्रॉफिट थोड़ा गिरकर 1,880 करोड़ रह गया। कंपनी ने संकेत दिए हैं कि आने वाले वित्त वर्ष 2026 में नेट इंटरेस्ट मार्जिन पर दबाव बने रहने की आशंका है। इसका कारण यह है कि बैंकों के बीच कर्ज देने की होड़ बढ़ रही है और ब्याज दरों में गिरावट का असर लोन रेट्स पर पड़ने वाला है। चूंकि एलआईसी हाउसिंग के ज़्यादातर लोन तिमाही आधार पर रेट रिसेट होते हैं, जुलाई 2025 से कम ब्याज दरें लागू होने के कारण कंपनी की आमदनी घट सकती है। इसके अलावा अगर आरबीआई दरों में कटौती करता है तो एनआईएम और घट सकता है। कंपनी ने 2026 के लिए 2.6 फीसदी से 2.8 फीसदी एनआईएम का अनुमान जताया है। कंपनी ने 2025 में मुनाफा बढ़ाया, लेकिन लोन ग्रोथ काफी सीमित रही। एलआईसी हाउसिंग अब अफोर्डेबल हाउसिंग और गैर-हाउसिंग सेगमेंट की ओर रुख कर रही है, लेकिन यह प्रक्रिया धीमी है। 2026 में कंपनी का लक्ष्य दो हजार करोड़ के अफोर्डेबल हाउसिंग लोन देना है, लेकिन मैनेजमेंट मानता है कि इस क्षेत्र में ठोस विस्तार में 2 से 3 साल लग सकते हैं।



# रश्मिका मंदाना संग शादी पर विजय देवरकोंडा का रिएक्शन



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के रिश्ते को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ छपता रहता है। हाल ही में विजय और रश्मिका की सगाई की खबरें भी आई थीं। अपने हालिया एक इंटरव्यू में विजय ने सगाई की अफवाहों, शादी और रश्मिका को लेकर बात की है।

रश्मिका को बताया खूबसूरत और मेहनती फिल्मफेयर मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना के बारे में बात करते हुए विजय ने उन्हें मेहनती बताया। उन्होंने कहा- मैंने रश्मिका के साथ ज्यादा फिल्में नहीं की हैं। मुझे उनके साथ और फिल्में करनी चाहिए। वो एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वो एक खूबसूरत महिला हैं इसलिए केमिस्ट्री में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वह बहुत मेहनती हैं। वो अपने इच्छा और कॉन्फिडेंस से किसी भी चीज को हरा सकती हैं। वो दयालु हैं और अपने ऊपर बाकियों के आराम और खुशी को प्रायोरिटी देती हैं।

### फिलहाल शादी का कोई इरादा नहीं है

इंटरव्यू के दौरान रश्मिका को डेट करने की बात पर विजय ने ना तो इसे खारिज किया और ना ही स्वीकार किया। शादी की बात पर एक्टर ने कहा- मैं शादी जरूर करूंगा। फिलहाल मैं पार्टनर की तलाशा नहीं कर रहा हूं। विजय से जब पूछा गया कि क्या रश्मिका उनकी आदर्श पत्नी के पैमाने में फिट बैठती हैं? एक्टर ने जवाब में कहा- कोई भी अच्छी दिल वाली महिला इस पैमाने में फिट बैठती है। रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। रश्मिका मंदाना हाल ही में फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ नजर आई थी। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के कुछ घंटे बाद रश्मिका को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ देखा गया था। ऐसा कहा जा रहा था कि दोनों लंच डेट पर गए थे।




# बब्बू मान और गुरु रंधावा मेरे रोल मॉडल है

टीवी के हिट शो छोटी सरदारनी में मेहर के किरदार से मशहूर हुई एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया अब सिनेमा की दुनिया में कदम रख रही हैं। वह अपनी पहली पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार के ज़रिए बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में वह बब्बू मान और गुरु रंधावा जैसी जानी-मानी हस्तियों के साथ काम कर रही हैं। निमृत ने कहा, बब्बू मान सर और गुरु रंधावा के साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही प्रेरणादायक अनुभव था। मैं बचपन से इन दिग्गजों को देखती, सुनती और उनकी सराहना करती आई हूं। वे मेरे लिए रोल मॉडल की तरह हैं।

उन्होंने कहा, पहले दिन से ही, उन्होंने गर्मजोशी और सम्मान के साथ मेरा स्वागत किया। बब्बू सर अपने अभिनय में इतनी गहराई और गंभीरता लाते हैं कि सेट पर हर कोई अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित होता है। वहीं गुरु इतने स्वाभाविक रूप से आकर्षक और सहयोगी हैं कि उनके साथ काम करना बहुत सहज लगता है। एक्शन और कट के बीच, मैं बहुत कुछ सीख रही थी, जैसे कोई मास्टरक्लास चल रही हो। शौंकी सरदार की कहानी समाज, संस्कृति, और बदलाव से जुड़ी है। यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि सोचने के लिए प्रेरित करने वाली फिल्म है। सेट से जुड़े सूत्रों ने निमृत, बब्बू मान और गुरु रंधावा, तीनों के बीच एक मजबूत दोस्ती का खुलासा किया। सूत्रों ने बताया, वे न केवल ऑनस्क्रीन बल्कि ऑफस्क्रीन भी खूब मजाक-मस्ती करते हैं। उनकी दोस्ती और आपसी समझ परदे पर भी साफ झलकती है।

हाल ही में फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें पंजाब की संस्कृति, जीवनशैली और जज्बातों को खूबसूरती से दर्शाया गया। फिल्म में जमकर एक्शन सीन हैं, लेकिन यह भाईचारे और गहरे पारिवारिक रिश्तों को भी उजागर करती है। ट्रेलर में गुरु रंधावा को मजेदार किरदार निभाते हुए दिखाया गया है, जो कहानी में दिलचस्प मोड़ लाते हैं और उसे आगे बढ़ाते हैं। इस फिल्म का निर्देशन धीरज केदारनाथ रत्तन ने किया है। वहीं ईशान कपूर, शाह जंडियाली, धर्मिंदर बाटोली और हरजोत सिंह इसे मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और बॉस म्यूजिका रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले 751 फिल्म्स के सहयोग से किया गया है। यह फिल्म 16 मई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



# चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का हिस्सा बने आशुतोष राणा

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।

चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी।

# ट्रेलर देखकर मेरे पापा खुशी से रो पड़े



सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर' से दिल्ली की आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा से बातें...

### किस तरह का अनुभव रहा आपका फिल्म 'केसरी वीर' के सेट पर?

मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा।

### सुनील शेट्टी के साथ काम का अनुभव कैसा रहा?

फिल्म में सुनील शेट्टी मेरे पिता का किरदार निभा रहे हैं। मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर कितनी भी नर्वस रही हूं लेकिन जिस दिन मेरी शूटिंग उनके साथ थी, मुझे ऐसा लगा कि मैं तो इन्हें बरसों से जानती हूं। हमारे घर में उनकी फिल्में खूब देखी जाती थीं।

### और, जब पहले दिन उनके साथ कैमरे का सामना किया तब

हां, ये सच है कि जब पहले सीन की शूटिंग शुरू हुई तो मैं अपने संवाद ही भूल गई। लेकिन, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जिन सुनील शेट्टी की फिल्में देखकर हम बड़े हुए, उनके साथ अभिनय करने की बात तो मैंने कभी सपने में भी नहीं सोची थी। लेकिन, उन्होंने उस दिन जो गुरुमंत्र दिए, वे बहुत अनमोल हैं।

### फिल्मों में आने के लिए घरवालों का कितना साथ मिला है आपको?

जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

# फिल्म डॉन 3 में विलेन का किरदार प्ले करेंगे विक्रांत



फरहान अख्तर ने कुछ दिनों पहले अपनी फिल्क दिन 3 का ऐलान किया था। इसमें रणवीर सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे। आए दिन उनकी इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। फिल्म में विलेन की भूमिका के लिए निर्माताओं ने विक्रांत मैसी को चुना गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...रणवीर डॉन 3 में विक्रांत से भिड़ने के लिए तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। फिल्म का पहला शेड्यूल इस साल सितंबर में शूट किया जाएगा, जिसमें विक्रांत और रणवीर शामिल होंगे। डॉन 3 में रणवीर की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी गर्भावस्था के कारण इस फिल्म से किनारा कर लिया। खबर है कि अब उनकी जगह कृति सेनन ने ली है। डॉन का मूल संस्करण 1978 में आया था, जिसमें अमिताभ बच्चन ने डॉन की भूमिका निभाई थी और उनके साथ जीनत अमान मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। इसके बाद 2006 में फरहान ने शाहरुख के साथ डॉन का रीमेक बनाया।

# परेश रावल के फिल्म छोड़ने पर बोले सुनील शेट्टी



बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फिल्मों की फ्रेंचाइजी 'हेरा फेरी' इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्टर परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' से खुद को अलग कर लिया है जिसके बाद फैंस काफी निराश हैं। 'बाबू भैया' के फिल्म छोड़ने की खबर पर जब 'श्याम' यानी सुनील शेट्टी परेश रावल के फिल्म छोड़ने की खबर पर बात करते हुए कहा, 'बिना बाबू भैया और अक्षय कुमार के राजू के 'हेरा फेरी' जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती।' सुनील ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अगर परेश रावल फिल्म में नहीं होंगे, तो श्याम जैसे किरदार का वजूद ही खत्म हो जाएगा। उनका कहना है कि हेरा फेरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जो तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक तीनों कलाकार एक साथ न हों।



# मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, उन्होंने अगर मुझे चुना है तो मेरी तरफ से शुक्रिया

**राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म भूल चूक माफ को लेकर उत्साहित हैं, जिसमें वो अपनी शादी को लेकर टाइम लूप में फंस जाते हैं। उन्होंने पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने बहुत कम समय में अपनी बड़ी पहचान बना ली है। इन दिनों वह फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं।**

### आपने कभी महसूस किया है कि कोई घटना या सिचुएशन देख कर आपको लगा हो कि ये तो पहले भी मेरे साथ हो चुका है?

मेरे साथ हुआ है। मुझे लगता है कि बहुत लोगों के साथ ऐसा होता होगा। उसका एक टर्म देजा वू नाम से है, लेकिन हमारी फिल्म उस विषय पर नहीं है। ये टाइम लूप पर है कि एक लड़के की 29 को हल्दी है और 30 को शादी है। वो उस 29 तारीख में फंस कर रह गया और हर रोज जब वह उठता है तो 29 तारीख होती है। ये हमारी फिल्म का कॉन्सेप्ट है। लेकिन मेरे साथ जिंदगी में एक-दो बार ऐसा हुआ है, जब मुझे लगता है कि ये सब पहले मेरे साथ हो चुका है।

### आप फिल्म में सरकारी नौकरी के लिए बहुत परेशान नजर आते हैं। आपके पिता भी सरकारी नौकरी में थे, तो क्या आपके ऊपर कभी सरकारी नौकरी करने को लेकर दबाव था?

सरकारी जॉब करने का दबाव तो कभी नहीं आया, क्योंकि स्कूल के समय से ही ये सोचा हुआ था कि ऐक्टिंग करनी है, फिल्मों में जाना है। लेकिन मैं ये जानता हूं कि हमारे देश में सरकारी नौकरी का क्या महत्व है। सरकारी नौकरी बहुत मायने रखती है। इस फिल्म में भी लड़की के पापा कहते हैं कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ, लड़की तुम्हारी। तो मैं जानता हूं कि आम परिवार में सरकारी नौकरी का मिलना कितना महत्व रखता है।

### आप नए-नए जोनर को ट्राई कर रहे हैं। तो अब आप अपने करियर को किस तरह देख रहे हैं?

मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, क्योंकि बहुत सारे लोग मुंबई शहर में ऐक्टर बनने के लिए आते हैं, तो अगर भगवान ने मुझे चुना है तो उसमें मेरी तरफ से सिर्फ शुक्रिया और धन्यवाद ही है। पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। हर तरह के रोल और कहानी करते रहे। हर तरह के जोनर का एक्सप्लोर करूं और अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करना है, क्योंकि ये मीडियम ही डायरेक्टर्स का मीडियम है। हम तो ऐक्टिंग करते हैं, फिल्म को तो डायरेक्टर ही बनाते हैं। आगे भी मेरा ऐसा ही प्लान है। नई-नई चीज करता रहा हूं, इसलिए मुझे कभी भी बोरिंग जैसा अहसास नहीं होता है।

### वामिका और करण शर्मा दोनों ही आपकी काफी तारीफ करते हैं। तो आप इतनी तारीफ को कैसे देखते हैं?

मैं दोनों की तरफ से खुद के लिए तारीफ सुनने के बाद नीचे देखने लगता हूं। दोनों खुद इतने अच्छे इंसान और टैलेंटेड हैं, तो मजा आता है जब आप इतने अच्छे लोगों के साथ काम करते हैं। सब बहुत रियल हैं, मिलकर अच्छी फिल्म बनाना चाहते हैं, और उस प्रोसेस को एंजॉय करना चाहते हैं।

### आज हम देख रहे हैं कि फिल्म के प्रमोशन सीमित होते जा रहे हैं, मेकर्स कम शहरों में जाते हैं, लेकिन आप देश के कोने-कोने में जा रहे हैं। कैसा अनुभव है?

लोगों से जाकर मिलना, उनसे मिलकर बात करना, ये काफी अच्छा अनुभव है। लोगों को आपकी फिल्म का ट्रेलर कैसा लगा ये आपको उनके बीच जाकर ही समझ आएगा। आप इंस्टाग्राम पर बैठकर ये चीजें नहीं समझ सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in